




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 29 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 30 अक्टूबर 2025 डाक 31 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**

वायुसेना स्टेशन पर राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरने से पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और अन्य के साथ।




**देश-विदेश**

टीएस सिंहदेव के टॉकीज में तालाबंदी, 33 साल बाद कलेक्टर पर जुर्माना, निरस्त हुआ था लाइसेंस



**फीचर पेज**

मिर्जापुर द फिल्म में हुई सोनल चौहान की एंट्री, सोशल मीडिया पर शेयर कर दी जानकारी




# कट्टा, क्रुरता, कटुता, करप्शन और कुशासन आरजेडी की पहचान, पीएम मोदी का तेजस्वी पर बड़ा हमला

**पटना 30 अक्टूबर।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के लिए ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। बिहार इस समय पूरी तरह से चुनावी रंग में रंग गया है। सभी पार्टियों के स्टार प्रचारक अपने पक्ष में वोटरों को लुभाने के लिए रैलियां और जनसभाएं कर रहे हैं। छठ के बाद बिहार विधानसभा की चुनावी धार को सभी दलों ने तेज कर दिया है। पीएम मोदी मोतीपुर चीनी मिल के मैदान से मुजफ्फरपुर की 11 और पूर्वी चंपारण की दो सीट केसरिया और पिपरा के अलावा वैशाली की वैशाली विधानसभा सीट को भी साध रहे हैं। उनका संबोधन शुरू हो गया है वहीं, राहुल गांधी भी आज नालंदा और शेखपुरा में जनसभा को संबोधित करेंगे। आज नित्यानंद राय की भी सीतमढ़ी में जनसभा होनी है। मधुबनी में तेज प्रताप यादव भी लोगों से अपने पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे। दरभंगा में तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी की जनसभा है। वहीं, प्रशांत किशोर दरभंगा में आज रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आरजेडी-कांग्रेस को पांच चीजों से पहचाना जा सकता है। आरजेडी-कांग्रेस ने क्या किया है। मैं आपको इन पांच शब्दों के बारे में बताऊंगा- कट्टा, क्रुरता, कटुता, कुशासन और भ्रष्टाचार... जहां कट्टा होता है, जहां क्रूरता का शासन होता है, वहां कानून टूट जाता है। पीएम ने कहा कि गोलू अपहरण कांड कभी नहीं भूल सकते। इसी शहर में 2001 में स्कूल जाते एक बच्चे को अपराधियों ने अपहरण कर लिया था, बदले में ढेर सारे रुपये मांगे



गए थे। नहीं देने पर राजद के चट्टे-बट्टों ने उस नन्हे गोलू के टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए थे। राजद के शासन में अपहरण हुए, हत्या हुई। इनकी नीयत क्या है, इनके ताजा प्रचार से पता चल रहा है। खतरनाक नारे से पता चलता है। हम तो हाथ जोड़ गाने ला रहे हैं, जबकि इनके नारों में छर्रा, कट्टा, दोनाली। मैं तो सोच नहीं सकता भाई। साथियों जंगलराज में यह संभव नहीं था। तब तो गाड़ियों के शोरूम बंद हो गए थे। क्योंकि राजद के नेता अपनी टोलियां लेकर अपने साथियों को लेकर शोरूम लुटवा लेते थे। अगर किसी ने नई गाड़ी खरीदी हो तब उसके पीछे राजद के गुंडे लग जाते थे। जब कोई अपनी पूंजी लगाता क्या, ऐसे हाल में लोग पलायन कर गए। जब वो दिन याद करते हैं तो लगता था, कितना भयानक दिन था। जब सुशासन होता है, तो सब खिलते हैं, जंगलराज में दम घुटता है। आज पूरा बिहार जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है। कोई नई बाइक खरीद रहा, स्कूटी खरीद रहा। एक आंकड़ा याद रखना, पिछले साल अक्टूबर-सितंबर में बिहार में 50 हजार मोटर बाइक बिकी थी, इस साल इन्हीं महीनों में डेढ़ लाख बिकी है। बिहार में तीन गुना अधिक खरीदारी हुई है। नई बाइक आई और हजारों रुपये बच गए। आज इंजन बन रहे, मखाना दुनिया भर में जा रहा, फूड प्रोसेसिंग, आईटी पार्क, लेदर क्लस्टर ये सब हमारे बिहार की पहचान बन रहे। साथियों, कभी बिहार अपनी जरूरत के लिए मछली बाहर से मंगाता था, आज दूसरे राज्यों को भी भेज रहे, कमाई कर रहे।

## चिनफिंग से मुलाकात के बाद ट्रंप ने किया चीन का टैरिफ घटाने का ऐलान, भारत को कब मिलेगी राहत?



**नईदिल्ली, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ सफल बैठक के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि वह चीन पर फेंटेनाइल टैरिफ घटाकर 10 प्रतिशत कर देंगे। दोनों नेताओं ने ग्योंगजू में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन से इतर बुसान में मुलाकात की। ट्रंप ने यह भी कहा कि चीन और अमेरिका के बीच एक विवाद सुलझ गया है।इसके अलावा, उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण रेअर अर्थ मिनिरल्स आपूर्ति पर चीन के साथ समझौता एक साल के लिए बढ़ाया जा सकने वाला समझौता है। ट्रंप ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा, रेअर अर्थ मिनिरल्स खनिजों का निपटारा हो गया है और यह दुनिया के लिए है। इसके अलावा, ट्रंप ने कहा कि वह और शी जिनपिंग यूक्रेन में युद्ध को सुलझाने के मुद्दे पर मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा, यूक्रेन का मुद्दा बहुत जोरदार तरीके से उठा। हमने इस बारे में काफी देर तक बात की और हम दोनों मिलकर काम करेंगे ताकि पता चल सके कि हम कोई नतीजा निकाल पाते हैं या नहीं।

## हाई कोर्ट से बनभूलपुरा दंगा के मुख्य आरोपित को झटका, नहीं मिली जमानत

**नैनीताल 30 अक्टूबर।** हाई कोर्ट ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा कांड साजिशकर्ता व मुख्य आरोपित अब्दुल मलिक , अब्दुल मोईद सहित 19 आरोपितों की जमानत याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने मुख्य आरोपितों को किसी तरह की राहत नहीं दी जबकि एक आरोपित की जमानत मंजूर कर ली। बुधवार को वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई के बाद आरोपित वसीम की जमानत मंजूर कर दी है। इस दौरान बचाव पक्ष की ओर से बताया गया कि आरोपित वसीम पर भीड़ उकसाने व आगजनी का आरोप लगाया गया जबकि वसीम का नाम न तो प्राथमिकी में है, ना वह घटना में शामिल रहा।

संदेह के आधार पर बिना वजह गिरफ्तार किया गया। खंडपीठ ने मुख्य आरोपितों को कोई राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई को पांच मई की तिथि नियत की है। मुख्य आरोपित मलिक को राजकीय भूमि को खुर्द बुर्द करने के मामले में पहले ही जमानत मिल चुकी है जबकि दंगा फैलाने के मामले में उनकी व 20 अन्य आरोपितों की अभी तक जमानत नही हुई।

## पीथमपुर में निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज से क्रेन वाहनों पर गिरी, 2 लोगों की मौत



**पीथमपुर, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

एमपी के धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां पीथमपुर सेक्टर 3 स्थित सागौर रेलवे के निर्माणाधीन ब्रिज पर पर काम कर रही क्रेन अचानक पलट गई। इस दौरान एक टाटा मैजिक और एक पिकअप वाहन इसकी चपेट में गए। हादसे में दो लोगों की मौत की मौत हो गई। दरअसल, पीथमपुर सेक्टर 3 स्थित सागौर रेलवे के निर्माणाधीन ब्रिज पर गुरुवार को सुबह साढ़े 9 बजे के लगभग ब्रिज पर गार्डर चढ़ा रही दो क्रेन दोनों छोर से गार्डर उठा रही थी। इसी वक्त सागौर की ओर लगी एक क्रेन अचानक नीचे गिर गई, जिसके चलते रास्ते से गुजर रही एक लोडिंग टाटा मेजिक और एक पिक अप वाहन उसकी चपेट में आ गए।

लोडिंग टाटा मैजिक के ऊपर भारीभरकम क्रेन गिरने से उसके चालक और एक अन्य युवक बुरी तरह से दब चुके हैं। जो समाचार लिखे जाने तक राहत और बचाव कार्य जारी हैं। अभी दोनों मृतक कौन हैं उनकी शिनाख्त उन्हें निकलने के बाद हो सकेगी। वहीं इस घटना में एक मां जिसके बेटे के फंसे होने की आशंका में बदहवास स्थिति में पहुंच गई है।

## बिहार चुनाव को लेकर राबड़ी देवी का पहला बयान, पीएम मोदी-शाह से पूछा- विकास किया तो फिर सभा क्यों?



**पटना।** बिहार में विधान चुनाव के पहले चरण के मतदान में अब कुछ दिनों को समय ही बचा है। ऐसे में नेताओं का एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। इसी कड़ी में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राजद नेता राबड़ी देवी ने पीएम मोदी और अमित शाह पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि, वे (पीएम मोदी और अमित शाह) कोई काम नहीं करते, बस हम पर हमला करते हैं। अगर उन्होंने इतना विकास किया है, तो फिर लुकड़ सभा (अनिश्चितता के भाव में की जाने वाली सभा) क्यों कर रहे हैं? यह उन्हें शोभा नहीं देता। उन्हें शर्म आनी चाहिए।

## बीजेपी नेता नवनीत राणा को जान से मारने और गैंगरेप की धमकी, हैदराबाद से भेजा गया लेटर



**नईदिल्ली, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

पूर्व सांसद और भाजपा नेता नवनीत राणा को एक बार फिर जान से मारने और गैंगरेप की धमकी मिली है। इस बार उनके अमरावती कार्यालय में स्पीड पोस्ट के जरिए एक खत में धमकी दी गई है।हालांकि इसकी शिकायत राजापेठ पुलिस स्टेशन में दर्ज करा दी गई है। इसके बाद अमरावती अपराध शाखा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राणा के आवास पर पहुंचकर पूछताछ की। एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह पत्र हैदराबाद से जावेद नाम से भेजा गया था। अमरावती और हैदराबाद दोनों जगहों की पुलिस टीमें भेजने वाले की पहचान करने और धमकी के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए कॉर्डिनेट कर रही हैं। नवनीत राणा को इससे पहले 12 अक्टूबर, 2024 को एक धमकी भरा पत्र मिला था। उसमें ऐसी ही भाषा और वॉर्निंग थीं। खुद को आमिर बताने वाले एक शख्स खत में गैंगरेप, गोहत्या का जिक्र और पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने के साथ-साथ 10 करोड़ की फिरौती की भी मांग की गई थी।

हिंदी, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और पंजाबी फिल्मों में काम कर चुकीं पूर्व अभिनेत्री नवनीत राणा ने 2014 में राजनीति में प्रवेश किया। उन्होंने पहली बार अमरावती से एनसीपी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गईं। फिर 2019 में, उन्होंने एक निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर शिवसेना के आनंद अडसुल को हराकर जीत हासिल की। 2024 के लोकसभा चुनावों में, राणा भाजपा में शामिल हो गईं, लेकिन कांग्रेस उम्मीदवार बलवंत वानखेड़े से 19,731 मतों से हार गईं। पुलिस इस ताजा धमकी की जांच जारी रखे हुए है।

## यू-टर्न लिया फिर कार से टक्कर मारकर डिलीवरी बॉय की ले ली जान

### बेंगलुरु में आरोपी कपल गिरफ्तार



**बेंगलुरू।** बेंगलुरु में एक मामूली दुर्घटना को लेकर हुए रोड रेज में एक कपल ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी। आरोपी मनोज कुमार और उसकी पत्नी आरती शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना 25 अक्टूबर की रात शहर के पुत्तेनहल्ली इलाके में हुई। पीड़ित दर्शन अपने दोस्त वरुण के साथ मोटरसाइकिल चला रहा था, जबकि आरोपी कुमार और शर्मा एक कार में सवार थे। मोटरसाइकिल और कार के शीशे के बीच हुई मामूली टक्कर के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि कारचालक ने मोटरसाइकिल चालक की हत्या कर दी।

## मोंथा तूफान की तबाही में 8 घंटे में सड़क बहाल, सीएम माझी की जीरो मौत मास्टरस्ट्रोक!

**भुवनेश्वर।** एक बार फिर अद्भुत तैयारी और त्वरित आपदा प्रबंधन का उदाहरण पेश करते हुए, गजपति जिले में लगातार बारिश से हुए भूस्खलन के बाद सिर्फ कुछ घंटों में सड़क संपर्क बहाल कर दिया गया। चक्रवात 'मोंथा' से जुड़ी भारी बारिश के कारण मंगलवार को हुए इस भूस्खलन ने आर. उदयगिरि ब्लॉक के रामगिरी-बड़गांव घाट मार्ग को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया था, जिससे पांच गांवों का संपर्क कट गया और गंजाम जिले से मुख्य मार्ग बंद हो गया था। मुख्यमंत्री मोहन चारण माझी लगातार चक्रवात की गतिविधि पर नजर बनाए रखने के साथ ही स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री एवं मुख्यमंत्री कार्यालय जीरो कैजुअल्टी पर फोकस रखने के लिए अधिकारियों से लगातार संपर्क में रहे। जैसे ही बुधवार को बारिश कम हुई, गजपति जिला प्रशासन ने एक समन्वित राहत और सफाई अभियान शुरू किया। एनडीआरएफ, पुलिस और प्रशासनिक टीमों की मदद से भारी बोल्डरों और मलबे को नियंत्रित विस्फोट (कंट्रोल्ड ब्लास्टिंग) और दो जेसीबी मशीनों की मदद से हटाया गया। आठ घंटे की लगातार मेहनत के बाद रामगिरी-बड़ागांव घाट मार्ग को फिर से वाहनों के लिए खोल दिया गया।

## बेकाबू बस ने दंपती समेत छह वर्षीय बेटी को मारी टक्कर, पति की मौत

**रबूपुरा 30 अक्टूबर।** रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस वे पर एक अनियंत्रित मिनी बस ने दंपती और उनकी छह वर्षीय बेटी को टक्कर मार दी। हादसे में पति की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी और 6 वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हैं। उनका उपचार प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद बस पलट गई और चालक मौके से फरार हो गया। बस पलटने से कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित हुआ। यमुना एक्सप्रेसवे के कर्मियों ने बस को जल्द से जल्द हटाकर यातायात सुचारु कराया।

## मंदिर के गायब खजाने पर विवाद, संतों ने पीएम से की सीबीआई जांच की मांग



**मथुरा, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

वृंदावन के विश्व प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी जी मंदिर के वर्षों पुराने तोषखाने को हाल ही में खोले जाने के बाद भारी विवाद खड़ा हो गया है। तोषखाने से खजाना गायब देख ब्रज के संतों का गुस्सा भड़क गया है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से मामले की सीबीआई जांच की मांग की है 18 अक्टूबर को मंदिर समिति ने 54 साल बाद इस तहखाने को खोला था। ऐसा दावा किया गया था कि तोषखाने में सोना, चांदी, हीरे-जवाहरात से जड़े आभूषण और दान की गई संपत्ति के कागजात हैं, लेकिन अंदर केवल कुछ बर्तन, सोने की एक छड़, चांदी की तीन छड़ें, कुछ मोती और दो तांबे के सिक्के ही मिले। करोड़ों रुपए के कथित खजाने का कोई सुराग नहीं लगा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष समिति के अध्यक्ष दिनेश फलाहारी महाराज ने इस मामले को साजिश करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि खजाने के तालों पर सरकारी सील न होने का फायदा उठाकर कुछ मंदिर व्यवस्थापकों ने श्रद्धालुओं की दान की गई संपत्ति चुरा ली। महाराज ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से निष्पक्ष जांच हो। साथ ही, दोषी अधिकारियों की व्यक्तिगत संपत्ति की भी तुरंत जांच की जाए। उन्होंने कहा कि यह करोड़ों भक्तों की आस्था का सवाल है, इसलिए देरी बर्दाश्त नहीं होगी।

## चुनाव से पहले बिहार में मर्डर, सिवान में एएसआई की गला रेतकर हत्या, खेत में मिला शव

**सिवान।** सिवान जिले के दारौंदा थाना क्षेत्र के सिरसांव नया टोला और सादपुर गांव के बीच बुधवार की रात थाने में पदस्थापित एएसआई अनिरुद्ध कुमार की हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि उनकी हत्या धारदार हथियार से गला रेतकर की गई है। शव रहर के खेत में बरामद हुआ, जो थाने से करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मृतक की पहचान मधुबनी जिले के राजपार थाना क्षेत्र के कुंनवार गांव निवासी अनंत पासवान के पुत्र अनिरुद्ध कुमार (46 वर्ष) के रूप में हुई है। वे पिछले करीब डेढ़ वर्ष से दारौंदा थाने में पदस्थापित थे। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी मनोज कुमार तिवारी, एसडीपीओ अमन सहित दारौंदा और महाराजगंज थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। पुलिस ने घटना के सिलसिले में एक आर्केस्ट्रा संचालक के ठिकाने पर छापेमारी की है और वहां से तीन-चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।







स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


### यूएस ने फिर दिया झटका

## प्रवासियों के वर्क परमिट को लेकर बदला नियम, भारतीयों पर भी होगा असर



**नई दिल्ली 30 अक्टूबर।** अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने प्रवासी श्रमिकों के रोजगार प्राधिकरण दस्तावेजों को स्वतः बढ़ाने से इनकार कर दिया है। इस कदम से हजारों विदेशी कर्मचारियों, खासकर भारतीयों पर असर पड़ने की संभावना है। ये लोग माइग्रेंट वर्कफोर्स का एक बड़ा हिस्सा हैं। विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा, जो विदेशी 30 अक्टूबर, 2025 (गुरुवार) को या उसके बाद अपने EAD के रिन्यूअल के लिए आवेदन करते हैं, उन्हें अब अपने EAD का ऑटोमेटिक एक्सटेंशन नहीं मिलेगा।

इसका मतलब है कि 30 अक्टूबर से पहले ऑटोमेटिक एक्सटेंड किए गए EAD पर कोई असर नहीं पड़ेगा। ट्रंप प्रशासन ने कहा कि नए नियम में सार्वजनिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए जांच और परीक्षण को प्राथमिकता दी गई है।



### चीतल व जंगली सुअर का शिकार,तीन गिरफ्तार

**कोरबा।** कोरबा के पाली रेंज में चीतल और जंगली सूअर का शिकार करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना मुरली गांव के जंगल में हुई। मुख्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। वन विभाग के मुताबिक, ग्राम चोढ़ा के रहने वाले भागवत गौंड (45), रामबती सरगोंडिया और लच्छू राम (55) ने रामाशंकर के साथ मिलकर जंगल में फंदा लगाया था।

इस फंदे में चीतल और जंगली सूअर फंस गए, जिन्हें मारकर मांस पकाने और बेचने की तैयारी की जा रही थी। सूचना मिलने पर रेंजर संजय लकड़ा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की। शिकारी अक्सर वन्य प्राणियों का फायदा उठाते हैं, जो भोजन की तलाश में खेतों तक पहुंच जाते हैं। धान की फसल पकने के कारण वन्यजीवों का खेतों की ओर आना बढ़ जाता है, जिसका लाभ उठाकर शिकारी फंदे लगाते हैं। इससे पहले, 27 अक्टूबर को कोरबा वन मंडल के करतला रेंज में भी जंगली सूअर के शिकार का मामला सामने आया था। उस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वन्य प्राणियों का शिकार करने के लिए आमतौर पर तार के फंदे, विस्फोटक सामग्री और बिजली के करंट का उपयोग किया जाता है।

# किसानों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने सरकार प्रतिबद्ध

## संभाग के कृषि अधिकारियों की बैठक ली उत्पादन आयुक्त निगार ने

**कोरबा।** कृषि व्यवस्था को अधिक सुदृढ बनाने तथा आगामी फसल सीजन की तैयारी के लिए कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती सहला निगार की अध्यक्षता में आज कोरबा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खरीफ वर्ष 2025 के प्रगति तथा रबी वर्ष 2025-26 कार्यक्रम निर्धारण हेतु बिलासपुर संभाग के अधिकारियों को समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

एपीसी बैठक में खरीफ 2025 में धान के रकबे में कमी एवं फसल विविधीकरण, रबी 2024-25 की तुलना में क्षेत्राच्छादन में वृद्धि तथा रबी / ग्रीष्म (जायद) अल्पकालीन फसल ऋण वितरण में वृद्धि की रणनीति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत अपात्र एफआरए एवं पीवीटीजी कृषक तथा अन्य संदिग्ध प्रकरण का समय सीमा में सत्यापन तथा समय सीमा में एग्रीस्टेक अंतर्गत पंजीयन की कार्ययोजना, रबी 2026-27 की संभावित बीज मांग के दृष्टिगत रबी 2025-26 में फसलवार बीज उत्पादन कार्यक्रम की कार्ययोजना, ऑयल पॉम के क्षेत्र विस्तार की कार्ययोजना, केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत सामान्य बीज वितरण एवं प्रदर्शन में प्रयुक्त होने वाले



बीजों की फसलवार, योजनावार दर तथा इनके वितरण में ''साथी पोर्टल'' के अनुप्रयोग इत्यादि महत्वपूर्ण बिदुंओ पर चर्चा की गई।

खरीफ वर्ष 2025 की समीक्षा:-

कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती निगार ने एपीसी बैठक में संभाग से उपस्थित समस्त जिले के कलेक्टर को शासन की मंशानुरूप खरीफ 2025 के अंतर्गत धान के रकबे में कमी लाने, फसल विविधीकरण, दलहन तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही बीज, उर्वरक एवं ऋण वितरण की प्रगति पर भी चर्चा की गई। कृषि उत्पादन आयुक्त ने शासन की प्रथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अमला योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु जमीनी स्तर पर योजनाओं के अद्यतन स्थिति की नियमित मॉनीटरिंग करें। उन्होंने किसानों को धान के अतिरिक्त दलहन तिलहन व अन्य फसलों के लिए प्रोत्साहित करने व शासन की सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध उपलब्ध कराये जाने की बात कही। उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत किसानों की शतप्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए कहा। साथ ही पोर्टल में जल्द से जल्द किसानो के पंजीयन गैप को नगण्य करने की दिशा में सभी अधिकारियों को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। बिलासपुर संभाग के केंद्र प्रवर्तित योजनाओं की वित्तिय प्रगति, मिट्टी परीक्षण, बीजों के वास्तविक मांग, रबी फसल हेतु ज्यादा से ज्यादा कृषको को प्रेरित करें व केसीसी लोन सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय स्तर पर फसलों की उपज बढ़ाने की दिशा में कार्य करने हेतु दिशा निर्देश दिये गये।

रवि 2025-26 के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन धान के रकबे में कमी लाकर दलहन, तिलहन एवं मक्का फसलों के क्षेत्र विस्तार के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करने के निर्देश दिए गए। भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत उड़द, अरहर, मूंग, चना, मसूर, सोयाबीन, मूंगफली एवं सरसों के उपार्जन से कृषकों को लाभान्वित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर बल दिया गया।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना :-

बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त के लिए पंजीकृत किसानों का एग्री-स्टैक अंतर्गत पंजीयन अनिवार्य बताया गया। सभी जिलों को शेष लाभार्थियों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने तथा संदिग्ध प्रकरणों का सत्यापन समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कृषि उत्पादन आयुक्त ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।



### कामधेनु गौशाला में गौवंश की पूजा

**कोरबा।** गोपाष्टमी के पावन अवसर पर झावर स्थित कामधेनु गौशाला में श्रद्धालुओं ने परंपरागत विधि से गौ माता एवं समस्त गोवंश की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही गौशाला परिसर में धार्मिक उत्साह का वातावरण रहा। ग्रामीणों, गौसेवकों और समाजसेवियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर गौ आराधना और सेवा कार्यों में सहभागिता निभाई।पिछले 15 वर्षों से निरंतर गौसेवा और गौपूजा का कार्य कर रहे स्थानीय गौसेवक अरुणीश तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि गौसेवा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत आवश्यक है। आज जिस तरह गौवंश की स्थिति दयनीय होती जा रही है, वह समाज के लिए चेतावनी है। उन्होंने कहा कि दूध, दही, घी, मक्खन, पनीर, मट्ठा और छाछ जैसे उत्पादों का उपयोग हर धर्म और समुदाय के लोग करते हैं, इसलिए गाय का महत्व किसी एक धर्म तक सीमित नहीं है।धार्मिक आस्था से अधिक इसे व्यावहारिक जीवन की आवश्यकता के रूप में देखा जाना चाहिए, उन्होंने कहा।गौसेवक ने यह भी अपील की कि लोग कुत्तों या विदेशी पालतू जानवरों की बजाय गोवंश को अपनाने की परंपरा को पुनर्जीवित करें। जो लोग गौ सेवा के नाम पर दिखावा करते हैं, उन्हें समझना चाहिए कि यह धर्म का नहीं, मानवता और पर्यावरण संरक्षण का प्रश्न है,उन्होंने कहा। कार्यक्रम में गौ आरती, पुष्पांजलि और गौ ग्रास वितरण के बाद सामूहिक संकल्प लिया गया कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### MCMIT द्वारा सार्वजनिक छुट्टी के आदेश का पालन नहीं करने व मनमानी करने की शिकायत

**कोरबा।** मो. न्याज नूर आरबी भाजपा प्रदेश प्रभारी मोदी मित्र ने कहा है कि कोरबा शहर के ट्रांसपोर्ट नगर में संचालित मॉडर्न कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट एन्ड आईटी प्रबंधन द्वारा शासन और युनिवर्सिटी द्वारा सार्वजानिक छुट्टियों को लेकर जारी आदेशों के पालन में कोताही बरतते हुए मनमानी की जाती है। हर वर्ष तीज त्योहारों और राष्ट्रीय पर्व की छुट्टियों का कैलेंडर तैयार कर सभी शिक्षण संस्थानों को प्रेषित किया जाता है। इसके अलावा शासन प्रशासन द्वारा भी समय-समय पर छुट्टियों की घोषणा की जाती है और उसका पालन करना अनिवार्य होता है, मगर स्ब्स्ब्ब्ज्ञ प्रबंधन द्वारा अपने कॉलेज का अलग से कैलेंडर तैयार किया जाता है। इस कैलेंडर में दीपावली-दशहरा सहित कई त्योहारों की छुट्टियों में कटौती कर दी जाती है। युवा नेता ने कहा है कि कॉलेज प्रबंधन की मनमानी इस कदर है कि इस वर्ष दीपावाली दशहरा की छुट्टियों में कटौती कर दी गई है। इसके अलावा ईद मिलादुन्नबी और छठ के त्यौहार की छुट्टी नहीं दी गई। वहीं आने वाले 1 नवंबर को राज्य गठन के रजत जयंती वर्षगांठ के मौके पर घोषित अवकाश भी नहीं दिया जा रहा है। बकौल श्री आरबी के अनुसार इस तरह प्रबंधन द्वारा छात्रों को ही नहीं बल्कि यहां कार्यरत शिक्षकों व अन्य स्टॉफ को भी प्रताड़ित किया जा रहा है। इस संस्था में सभी धर्मों के शिक्षक, अन्य स्टॉफ और छात्र-छात्राएं कार्यरत/अध्ययनरत हैं और छुट्टी नहीं मिलने पर उनकी भावनाएं आहत होती हैं, मगर प्रबंधन की मनमानी के चलते उन्हें शासन-प्रशासन व युनिवर्सिटी द्वारा घोषित सार्वजनिक छुट्टियों में भी घर परिवार, समाज की जिम्मेदारी से मुंह मोड़कर संस्था में आना पड़ता है। आरबी ने कहा है कि अत: प्रबंधन की ज़्यादती, मनमानी पर रोक लगाने हेतु जल्द से जल्द विधिवत जांच कराई जाये और प्रबंधन के खिलाफ कड़ी से कड़ी उचित कार्यवाही करते हुए सर्वधर्म सद्भाव की रुपरेखा व गंगा जमुना तहजीब को और प्रगाढ़ की जाये औरबमूझे उक्त जाँच/कार्यवाही से त्वरित अवगत कराया जाए।

### अंचल के चौक-चौराहे पर लगे होर्डिंग्स-फ्लैक्स निगम ने किए जब्त

**कोरबा ।** कोरबा अंचल के चौक-चौराहों पर अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स-फ्लैक्स के खिलाफ नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने निकालकर जब्त किया है। उक्त कार्यवाही पश्चात राहगीरों को राहत मिली है, अब चौराहों पर सिग्नल नजर आने लगा है। उल्लेखनीय हैं की त्यौहारों के आगमन, धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन सहित मंत्री व राजनीतिक दल के प्रमुख पदाधिकारियों का जन्मदिवस के लिए शहर में चौक-चौराहों पर अवैध रूप से होर्डिंग्स-फ्लैक्स लगाया जा रहा था। शुभकामना संदेश के लिए चौराहों पर इस तरह से होर्डिंग्स-फ्लैक्स लगाए जा रहे थे

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय के छात्रों को पुलिस ने किया जागरूक

**कोरबा।** बालकोनगर के सेक्टर-2 स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय में बुधवार को साइबर जागरूकता अभियान पर पुलिस ने काम किया। यहां के विद्यार्थियों को साइबर अपराध विषय पर जानकारी दी गई और इनसे बचने के लिए सतर्क किया गया। बालकोनगर पुलिस और साइबर सेल की ओर से एक अभियान को हाथ में लिया गया है। इसके अंतर्गत पुलिस कर्मियों ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर जनसामान्य को जागरूक करना शुरू किया है। बुधवार को एक टीम सेजस विद्यालय पहुंची। उसके द्वारा यहां विद्यार्थियों से संवाद किया गया। कहा गया कि आवश्यक न हो तो मोबाइल का उपयोग और उसमें भी सोशल मीडिया से दूरी बनाए। बहुत सारे अपराध इन पर आने वाले कंटेंट और संदेहास्पद लिंक के कारण हो रहे है। बाद में लोगों को लेने के देने पड़ जाते है। साइबर फॉड से जुड़ी घटनाओं पर भी पुलिस ने



बातचीत की। विद्यार्थियों को कहा गया कि अगर वे हर समय चौकन्ने रहेंगे तो ऐसी घटनाओं से बच सकते है। बालको थाना के एएसआई अजय सिंह, साइबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी और अन्य पुलिस कर्मियों ने अभियान को क्रियान्वित किया।

## राज्योत्सव का आयोजन 2 से 4 नवंबर तक

**कोरबा।** जिला प्रशासन द्वारा छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस रजत जयंती वर्ष के अवसर पर राज्योत्सव का आयोजन घंटाघर ओपन आडिटोरियम परिसर में 02 नवंबर से 04 नवंबर तक किया जायेगा। इसके लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाणिज्य श्रम व उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन होंगे। राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर स्थानीय कलाकारों को मंच देने के साथ ही छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में 02 नवंबर को शाम 07 बजे से जसगीत गायक श्री दिलीप षड़ंगी, 03 नवंबर को लोक



गायिक श्रीमती अलका चंद्राकर अपनी प्रस्तुति देंगी। 04 नवंबर को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें श्री अरूण जैमिनी, हास्य कवि श्री चिराग जैन, कवि श्री शशिकांत यादव, श्रद्धा शौर्य, देवेन्द्र परिहार, हीरामणी वैष्णव शामिल होंगे। तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की कलाकारों द्वारा देशभक्ति छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन की प्रस्तुति भी दी जायेगी। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आम नागरिकों से अपील की है कि राज्योत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम का आनंद उठायें।

## जल संसाधन विभाग की 25 वर्षों में विकास की धारा'

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष समूचे प्रदेश के लिए गर्व और उपलब्धियों के उत्सव का अवसर लेकर आया है। शुरुआती दौर में राज्य ने अपनी ऐतिहासिक यात्रा आरंभ की थी, तब विकास की राह अनेक चुनौतियों से घिरी हुई थी। सीमित संसाधन एवं अधोसंरचना की कमी के बीच राज्य ने दृढ़ संकल्प, जनसहभागिता और समर्पित नेतृत्व के बल पर निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। आज, 25 वर्षों के इस गौरवशाली सफर में छत्तीसगढ़ ने उद्योग, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, ग्रामीण विकास और जल संसाधन जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर देश के विकसित और उन्नतिशील राज्यों की श्रेणी में अपना स्थान सशक्त किया है। यह रजत जयंती वर्ष केवल बीते वर्षों की उपलब्धियों का स्मरण भर नहीं, बल्कि एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की दिशा में नई ऊर्जा का प्रतीक है।



25 वर्षीय सफर में जल संसाधन विभाग का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। जल ही जीवन और कृषि का आधार है, और छत्तीसगढ़ जैसे कृषिप्रधान राज्य में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ साबित हुआ है। कोरबा जिला, जो अपनी भौगोलिक विविधता और औद्योगिक पहचान के लिए जाना जाता है, यहाँ जल संसाधन विभाग ने वर्ष 2000 से लेकर 2025 तक अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। वर्ष 2000 में जब छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हुई, उस समय कोरबा जिले में सिंचाई की स्थिति बहुत सीमित थी। जिनमें जलाशय, व्यपवर्तन और उद्वहन जैसी योजनाएँ सम्मिलित थीं। इन योजनाओं के माध्यम से खरीफ और रबी दोनों मौसमों में मिलाकर लगभग दस हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही थी। ग्रामीण अंचलों में वर्षा पर निर्भर खेती प्रचलित थी और सीमित सिंचाई व्यवस्था के कारण किसानों को फसलों की उत्पादकता में कठिनाइयाँ आती थीं।राज्य गठन के पश्चात सरकार ने जल संसाधन के विकास को अपनी प्राथमिकता में रखा। ग्रामीण क्षेत्रों में जल भंडारण और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए कई योजनाएँ लागू की गईं। जलाशयों के निर्माण, नहरों के जीर्णोद्धार, व्यपवर्तन परियोजनाओं के विस्तार तथा एनिकट निर्माण जैसे कार्यों को निरंतरता से आगे बढ़ाया गया। इन योजनाओं ने न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा दिया, बल्कि जल के समान वितरण को भी सुनिश्चित किया। आज, जब राज्य अपनी रजत जयंती मना रहा है, कोरबा जिले का जल संसाधन विभाग इस बात का उदाहरण बन चुका है कि योजनाबद्ध प्रयास और कार्यशैली किस प्रकार जनहित में ठोस परिणाम दे सकते हैं। इनमें जलाशय, व्यपवर्तन और एनिकट योजनाएँ प्रमुख हैं।

## राष्ट्रपति पुरस्कृत एनसीसी कैडेट लखनी सम्मानित



**कोरबा ।** शिक्षा मनुष्य के कौशल विकास के लिए अत्यंत आवश्यक होता है और उसके व्यक्तित्व के विकास में सहायक होता है। वहीं संस्कार मनुष्य को चरित्रवान बनाने के लिए आधार रूप में कार्य करता है। उक्त उद्गार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केरवाद्वारी में आयोजित कैरियर निर्माण एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में प्रोफेसर प्यारेलाल आदिले प्राचार्य जय बूढ़ादेव कला एवं विज्ञान महाविद्यालय कटघोरा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि सुश्री लखनी साहू राष्ट्रपति पुरस्कृत मनोज कुमार गुप्ता एवं अन्य समस्त अतिथियों का भव्यतापूर्ण स्वागत कर्मा नृतक दल के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय परिवार एवं रामपुर विधानसभा के विधायक फूल सिंह राठिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्या की दायिनी मां सरस्वती के तेल चित्र पर समस्त अतिथियों ने पूजा-अर्चना किया और फूल माला चढ़ाया। अतिथियों के स्वागत में क्रमश: मुख्य अतिथि सहित समस्त अतिथियों का स्वागत क्रमश: सतीश कुमार गुप्ता प्राचार्य,व्याख्याता उत्तम कुमार तिवारी,कृष्णा लाल साहू, श्रीमती सुधारानी राठौर,श्रीमती जयंती राठीया,गजाधर सिंह कंवर,सतीश कुमार धुरी,ओम प्रकाश साहू,जोहर सिंह धुर्वे, रामेश्वर राठीया एवं प्रिया कोरवा ने किया। अन्य अतिथियों का स्वागत क्रमश: छात्र-छात्राओं में प्रेमलता,रश्मि,पूनम,विनीता, माहेश्वरी,राजेश्वरी, सुरेंद्र, वंदना, रोशनी, यशवंत ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच प्रमिला बाई राठिया,राजेंद्र कुमार राठिया अध्यक्ष एसएमडीसी,संतराम राठिया,परमेश्वर राठिया भूतपूर्व सरपंच,दुल्ली सिंह जगत प्रधान पाठक एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कृत सुश्री लखनी साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि - विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के लिए भरपूर प्रयास करना चाहिए और विभिन्न सामुदायिक कार्यक्रम में जुड़कर अपना व्यक्तित्व विकास करना चाहिए। इन कार्यों में कठिनाइयां तो आती है किंतु सतत रूप से मेहनत करने से सफलता अवश्य मिलती है। समस्त विद्यार्थियों को अपने जीवन में कोई न कोई सपना अवश्य देखनी चाहिए और उसे पूरा करने हेतु भरसक प्रयास करना चाहिए। अपने उद्बोधन में डॉ.मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि- जो विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का भरपूर उपयोग करता है वह निश्चित तौर पर सफलता अर्जित करता है और मैं ऐसे विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए सदैव तत्पर पर रहूंगा।

### घण्टाघर के पास कार भिड़ी डिवाइडर से

**कोरबा।** घंटाघर मुख्य मार्ग पर एक ज्वेलरी दुकान के सामने हुई दुर्घटना में एक महंगी कार डिवाइडर की रेलिंग से जा टकराई। उसके नीचे का काफी हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी मिली कि इस गाड़ी का आरोही नामक युवती चल रही थी। बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के हाथों इस युवती को पुरस्कार मिल चुके हैं। घंटाघर मार्ग पर हुई दुर्घटना की आवाज आसपास में सुनी गई और कुछ ही देर के बाद यहां बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए। घटना के पीछे असली वजह क्या रही , इस बारे में अभी पुख्ता जानकारी नहीं मिल सकी है। लेकिन गाड़ी के नंबर से स्पष्ट है कि इसका मालिक कोरबा जिले का ही रहने वाला है।




## भगवान सहस्त्र बाहु के जयघोष से गूंज उठा कलचुरी भवन

**कोरबा।** मिशन रोड स्थित कलचुरी जायसवाल भवन में मंगलवार रात सर्ववर्गीय जायसवाल कलार समाज ने अपने आराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहु जयंती आस्था,हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।वक्ताओं ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन को बल, पराक्रम के साथ-साथ संगठन, न्याय और नेतृत्व का प्रेरणास्त्रोत बताया।

कार्यक्रम में सर्ववर्गीय जायसवाल कलार समाज के अध्यक्ष रामगोपाल डिक्सेना,संरक्षक अशोक जायसवाल,जायसवाल युवा सभा के अध्यक्ष संजय जायसवाल,वरिष्ठ सदस्य मनोज पराशर ,पोंडीबहार की पार्षद श्रीमती चंद्रकली जायसवाल मंचासीन रहीं। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और आरती से हुआ। जिसके बाद पूरा परिसर जय सहस्त्रबाहु भगवान की जयके जयघोष से गूंज उठा। वक्ताओं ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन को बल, पराक्रम के साथ-साथ संगठन, न्याय और नेतृत्व का प्रेरणास्त्रोत बताया।अध्यक्ष रामगोपाल डिक्सेना ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष की बात है कि आज देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी हम सब एकजुट हो गए हैं। चाहे सरनेम जो भी लिखते हों,रहन बसन जैसा भी हो सभी सर्वमान्य भगवान के रूप में भगवान सहस्त्रबाहु को मानना,पूजना शुरू कर दिए हैं। हमारा लक्ष्य सभी को एक सूत्र में पिरोने की रही है चाहे वो क्षेत्रीय कार्यक्रम के माध्यम से हो या प्रदेश के माध्यम से हो सभी को एकजुट करने का प्रयास किए हैं। उसी का सकारात्मक नतीजा है कि आज कोरबा,कटघोरा के अलावा , छुरी,पाली,दीपका जैसे जगहों व छोटे छोटे गांव देहात तक में भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती हर्षोल्लास से मनाई जा रही है। समाज की एकजुटता का ही परिणाम है कि मुख्यमंत्री जी ने कटघोरा में हमारे समाज की मांग समाज के आराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहु के नाम पर चौक के नामकरण,गार्डन, 100 बेड अस्पताल की सौगात दी है। जो कटघोरा को एक नई पहचान देगी।श्री डिक्सेना ने कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सदस्यों को बताया कि मध्यप्रदेश के इंदौर से करीब 100 किलोमीटर दूर माहिष्मति नाम की तहसील है ,जिसे आज आधुनिक महेश्वर के नाम से जाना जाता है ,यहाँ भगवान सहस्त्रबाहु की अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित हो रही। वे यहां शिवलिंग के रूप में स्थापित हैं। महिष्मति का ही ऐसा प्रभाव है कि देवी अहिल्याबाई ने इंदौर की जगह महिष्मति को अपनी राजधानी बनाई। उन्होंने 9 नवंबर को रतनपुर में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय सम्मलेन में अधिकाधिक संख्या में समाज के लोगों को उपस्थिति दर्ज कराने की गुजारिश की।संरक्षक राजेन्द्र जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कटघोरा में मुख्यमंत्री जी द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु चौक,गार्डन ,100 बेड अस्पताल की घोषणा, कोरबा स्थित कलचुरी जायसवाल भवन में 25 लाख के विकास कार्यों की घोषणा से लेकर गौ माता चौक में आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने सामाजिक कार्यक्रमों में सभी की अनिवार्य उपस्थिति पर बल दिया। कार्यक्रम में अनिल जायसवाल, मनीष जायसवाल, भास्कर जायसवाल,राधा जायसवाल, मिथलेश जायसवाल,धर्मेंद्र जायसवाल, मधुसूदन जायसवाल, उमेश जायसवाल, अमरनाथ कौशिक ,के.बी.कौशिक,विशाल जायसवाल,विजय जायसवाल , प्रदीप जायसवाल,मनमोहन कौशिक, मनीष जायसवाल ,जीवन जायसवाल,मनीष जायसवाल (जे.बी.) ,नितिन,डी.पी.जायसवाल,बाबू जायसवाल,अमर जायसवाल, शिव जायसवाल ,हरीश डिक्सेना, सुनील जायसवाल ,बबलू जायसवाल ,जय जायसवाल,नरेंद्र जायसवाल, शौर्य जायसवाल ,संदीप जायसवाल, अमित जायसवाल,राजेश जायसवाल, नारायण जायसवाल ,नवधालाल ,रौशन जायसवाल, आशीष जायसवाल ,आराध्या जायसवाल, बजरंग जायसवाल,प्रतीक जायसवाल, आशीष जायसवाल ,वीरेंद्र जायसवाल, रमेश जायसवाल, संजीव जायसवाल ,रानू जायसवाल, राहुल डिक्सेना, अमित डिक्सेना, हरीश जायसवाल, देवेंद्र समेत समाज के सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पल्लवी जायसवाल ने किया।

### अग्रसेन गौधाम कनबेरी में धूमधाम से मनाया गया गोपाष्टमी पर्व

**कोरबा।** श्रद्धा, भक्ति और सेवा भावना से ओतप्रोत वातावरण में अग्रसेन गौधाम कनबेरी में गोपाष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी तथा विधायक प्रेमचंद पटेल की गरिमामय उपस्थिति कार्यक्रम की विशेष शोभा बनी। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना एवं भोग अर्पण से हुआ। इसके उपरांत गौधाम में रह रही 700 से अधिक गायों की सेवा एवं गौभोजन कार्यक्रम संपन्न किया गया। यहां लोगो में सेवा भाव का उत्साह देखने लायक था।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि गोपाष्टमी पर्व हमें यह संदेश देता है कि गौसेवा ही ईश्वर सेवा है। गाय हमारे संस्कार, हमारी संस्कृति और हमारी आस्था का प्रतीक है। गौधाम में इस प्रकार का आयोजन समाज को सेवा, श्रद्धा और संरक्षण का प्रेरक संदेश देता है।विधायक प्रेमचंद पटेल ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि गौसंवर्धन और गौसेवा के कार्य में समाज की भागीदारी ही सच्चे अर्थों में धर्म का पालन हैं। अग्रवाल सभा कोरबा, श्री अग्रसेन गौ सेवा समिति व माता माधवीदेवी गौ सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, विधायक प्रेमचंद पटेल, निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, अग्रवाल सभा कोरबा के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, नागरमल अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, जयंत अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, अजय पांडेय, योगेश जैन, रामसिंह अग्रवाल, राकेश नागरमल अग्रवाल, अर्जुन गुप्ता, संदीप सिंह व अरुण त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, भाजपा कार्यकर्ता, गौसेवक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# डीडीए पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

## महिला कर्मचारी ने रायपुर संचालक से की है शिकायत, जांच अधिकारी किए गए नियुक्त

**जांजगीर चांपा।** कृषि विभाग में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रसेड़ा ने अपने ही वरिष्ठ अधिकारी, जिला उप संचालक कृषि विभाग (डीडीए) जांजगीर पर उत्पीड़न और वेतन रोकने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में उन्होंने कृषि विभाग के संचालक रायपुर को शिकायत पत्र भेजा है। शिकायत में महिला अधिकारी ने उल्लेख किया है कि उन्हें संयुक्त निदेशक कृषि (जेडीए) कार्यालय के आदेश से ग्राम रसेड़ा में पदस्थ किया गया है। अकलतरा कृषि कार्यालय में उनके साथ अन्य कर्मचारी भी सलंग्न हैं, परंतु डीडीए ललित मोहन भगत के द्वारा शुरुआत से ही उन्हें जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि डीडीए लगातार उनके विरुद्ध पत्राचार करते रहे हैं, जिससे वे मानसिक रूप से प्रताड़ित महसूस कर रही हैं। महिला अधिकारी ने यह भी लिखा है कि डीडीए ने बिना किसी सक्षम अथवा विभागीय आदेश के उनका वेतन रोक दिया है, जो अवैध है और महिला नहीं थी।

कर्मचारी के उत्पीड़न का स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अन्य अटेचमेंट कर्मचारी भी विभाग में कार्यरत हैं, लेकिन उनके साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जा रहा है। यह कार्रवाई व्यक्तिगत शत्रुता के आधार पर की गई प्रतीत होती है। इस शिकायत की जांच के लिए कृषि विभाग जांजगीर के एसडीओ नीलम आजाद को जांच अधिकारी बनाया गया है। जिस पर डीडीए ललित मोहन भगत के अधीनस्थ एसडीओ कृषि ने महिला अधिकारी को 28 अक्टूबर को एसडीओ कार्यालय में उपस्थित होकर संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए पत्र जारी किया था। बताया जा रहा है कि मगर जांच अधिकारी ही उस दिन उपस्थितक्या जांच निष्पक्ष और पारदर्शी हो सकेगी। चर्चा का विषय बना हुआ है। अब सवाल यह उठता है कि जब जांच उसी अधिकारी के अधीनस्थ कर्मचारी के द्वारा किया जाना है जिस पर आरोप लगाए गए हैं, तो क्या जांच निष्पक्ष और पारदर्शी हो सकेगी? विभागीय स्तर पर यह मामला परेशान करने वाली जैसी कुछ बात नहीं है। अब शिकायत हुई है तो जांच में पता चलेगा क्या सही है या क्या गलत है।

ललित मोहन भगत
डीडीए, कृषि विभाग जांजगीर चांपा

# जांजगीर-नैला पालिका में कांग्रेस का घेराव

## अध्यक्ष और पति पर कमीशनखोरी के गंभीर आरोप, कहा- नौ महीने में नहीं हुआ विकास

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-नैला नगर पालिका में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस ने आज मोर्चा खोल दिया। कांग्रेसी पार्षदों ने स्थानीय विधायक व्यास कश्यप के साथ नगर पालिका का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। उन्होंने पालिका अध्यक्ष रेखा देवांगन और उनके पति पर कमीशनखोरी और अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए हैं।

पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका में काम दिलाने के नाम पर पैसों का लेनदेन किया जा रहा है। साथ ही, आवश्यक वस्तुओं की खरीद कई गुना अधिक कीमत पर की जा रही है। उनका कहना है कि अब तक हुई खरीदी की जानकारी जनप्रतिनिधियों से छिपाई जा रही है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि सूचना के अधिकार (ऋझ्द्ध) के माध्यम से सारी जानकारी जुटाई जाएगी और आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

कांग्रेसी पार्षदों ने बताया कि भाजपा की रेखा देवांगन को अध्यक्ष बने नौ महीने बीत चुके हैं, लेकिन नगर में एक भी नया विकास कार्य शुरू नहीं हुआ है। पूर्व स्वीकृत कार्यों में भी कमीशन लेकर



काम कराया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष प्रिंस शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्षदों के वार्डों में सफाई, लाइट और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को जानबूझकर रोका गया है।

इस आंदोलन में शामिल विधायक व्यास कश्यप ने नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा ने अध्यक्ष पद संभाला है, तब से कमीशन का खेल शुरू हो गया है। विधायक ने यह भी कहा कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा जांजगीर प्रवास के दौरान की गई ढाई-ढाई करोड़ रुपए की घोषणा पर अब तक कोई पहल नहीं हुई है, और अध्यक्ष केवल %ऊपर के निर्देशों% पर काम करती हैं। उन्होंने नगर विकास के मुद्दे को सड़क से लेकर सदन तक उठाने की चेतावनी दी।

नगर पालिका में अधिकारियों और अध्यक्ष की मनमानी से नाराज कांग्रेसियों ने प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने नगर के सभी वार्डों में विकास कार्य कराने के साथ-साथ झाड़ू, फिनायल और सफाई सामग्री की खरीदी की जांच की मांग की है।

## राघवेन्द्र ने कार्यों का किया लोकार्पण



**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा लगभग 30 लाख रू से अधिक लागत राशि के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। उन्होंने ग्राम-तिलई में 10 लाख रू लागत के सीसी रोड निर्माण, ग्राम-पौना में 05 लाख रू लागत राशि के सांस्कृतिक मंच व ग्राम -तागा में निधि से बने सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे उन्होंने कहा कि अकलतरा विधानसभा के समस्त ग्रामों में विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे है, मेरा प्रयास है कि हर गावों की मुख्य मांगो एवं समस्यायों का समाधान कर सकूँ।

कार्यक्रम में रामगोपाल कोशिक, संदीप यादव, शैलेन्द्र कौशिक,पौना सरपंच राघवेंद्र चतुर्वेदी, तागा सरपंच रामनारायण भैना, तिलई सरपंच प्रिया ललित कौशिक, मुकेश कौशिक, अशोक कश्यप,जयपाल टैगोर, रामबिलास कश्यप, दीपक सूर्यवंशी, रामखिलवान कौशिक, संतोष सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल थे।

# छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का शुरुआत

**चांपा।** राजनीतिक दलों के साथ सीईओ ने की महत्वपूर्ण बैठक तथा विभिन्न मीडिया संस्थानों के साथ प्रेस वार्ता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। इसी सिलसिले में, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने आज दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के सभागार में आयोजित की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों और अन्य आवश्यक जानकारियों से अवगत कराना था। प्रत्येक मतदान केंद्र में लगभग 1,000 मतदाता होते हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए एक बूथ स्तरीय अधिकारी होता है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कई मतदान केंद्र होते हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी होता है। ईआरओ एक उप-मंडल मजिस्ट्रेट स्तर का अधिकारी होता है, जो कानून के अनुसार मसौदा मतदाता सूची तैयार करता है। दावों और आपत्तियों को प्राप्त करता है और उन पर निर्णय लेता है। और अंतिम मतदाता सूची तैयार करता है और प्रकाशित करता है। प्रत्येक तहसील के लिए सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होता है। जिला मजिस्ट्रेट ईआरओ के निर्णय के विरुद्ध प्रथम अपील की सुनवाई करते हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डीईओ (जिला निर्वाचन अधिकारी) के निर्णय के विरुद्ध द्वितीय अपील की सुनवाई करते हैं।



बी.एल.ओ, (बूथ स्तरीय अधिकारी) नए मतदाता को शामिल करने के लिए फॉर्म 6 और घोषणा पत्र एकत्र करेंगे और मिलान/लिंकिंग (आधार से जोड़ना) में सहायता करेंगे। मतदाता को ई.एफ. भरने में मदद करेंगे उसे एकत्र करेंगे और ई.आर.ओ./ए.ई.आर.ओ. को जमा करेंगे। प्रत्येक मतदाता के घर का कम से कम 3 बार दौरा करेंगे। मतदाता, विशेषकर शहरी मतदाता/अस्थायी प्रवासी, ई.एफ. ऑनलाइन भी भर सकते हैं। इसके अलावा बीएलओ मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान करेंगे। गणना चरण के दौरान ई.एफ. के अलावा, ई.एफ. के साथ कोई अन्य दस्तावेज एकत्र करने की आवश्यकता नहीं है। ईआरओ/एईआरओ को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र नागरिक छूटा नहीं है; और कोई भी अपात्र व्यक्ति शामिल नहीं है। जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) ईआरओ के फैसले के खिलाफ पहली अपील की सुनवाई करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डीएम के निर्णय के खिलाफ दूसरी अपील की सुनवाई करेंगे।

## राज्य स्थापना दिवस पर खुशियों का गृह प्रवेश

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के हजारों हितग्राहियों को एक साथ अपने सपनों का गृह में प्रवेश मिलने जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पूरे प्रदेश में 1 नवम्बर को सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह नवा रायपुर, अटल नगर में आयोजित होगा, जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराएंगे। यह क्षण उनके जीवन का उत्सव होगा।

जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत जिले में 1 नवम्बर को 15 हजार से अधिक आवासों में ग्रह प्रवेश किया जाएगा। निर्माण पूर्ण किया जिले के सभी ब्लॉकों में कार्य तेजी से प्रगति पर है। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पारंपरिक उत्सवमय वातावरण रहेगा। नवनिर्मित घरों को दीपों से सजाया जाएगा, रंगोलियों से आंगन महकेंगे, और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हितग्राही अपने नए घर में प्रवेश करेंगे। कार्यक्रम के दौरान आभार पत्र, स्मृति चिन्ह एवं खुशियों की चाबी भी प्रदान की जाएगी।

# जय श्री राम सेवा समिति का भव्य भंडारा 2 नवंबर को

**जांजगीर चांपा ।** जय श्री राम सेवा समिति के द्वारा आगामी 1 नवंबर को श्री श्याम बाबा का जन्म दिवस मनाया जाएगा एवं 2 नवंबर दिन रविवार को सुबह 11ः00 से बरपाली चौक चांपा में भव्य भंडारा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जय श्री राम सेवा समिति के



संचालक हरीश दुबे ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन किया जा रहा है इस बार यह आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। हरीश दुबे ने बताया कि यह आयोजन लगभग 12 वर्षों से लगातार चलते आ रहा है जिसमें श्रद्धालु जन बड़ी संख्या भाग लेकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। श्याम बाबा का जन्म दिवस और भंडारे को लेकर समिति सदस्य में भारी उत्साह है समिति के सदस्यों ने अभी से ही तैयारी प्रारंभ कर दी है इस बार का आयोजन भव्य रूप से करने का प्रयास किया जा रहा है जिसमें जय श्री राम सेवा समिति चांपा के संचालक (अध्यक्ष) हरीश दुबे, (उपाध्यक्ष) कमल चौबे, अरुण यादव, सूरज यादव, राज रजक, अजय मीरचंदानी, संजय मीरचंदानी, विक्की थापा, प्रतीक पटेल, पवन तिवारी, दीपक महंत, प्रमोद महंत, दीपक यादव, प्रभात यादव, संतोष दुबे, संतोष देवांगन, राजेन्द्र जयसवाल, महेंद्र दुबे, महेंद्र यादव, वासु केडिया, रूपेश केडिया, अनिल सिंह, विकेश तिवारी, सतीश यादव, सुरेंद्र गुप्ता, राजेंद्र कर्ष, विवेक केशरवानी, मनोज सिंह, भागवत साहु, लोमशबरेठ, शिव सहीस, आशीष गौराहा, आयुष गौराहा, मुकेश सिंह, गोपाल कसेर, जैकु कर्ष, योगेश सोनी, रिंकू केडिया, विनोद सूर्यवंशी, रोशन गुप्ता, अभिषेक साहू, हिमांशु यादव, कमल चौबे, हीरा केवट, पिंटू यादव, किशन श्रीवास, पुष्पराज देवांगन, गोविंद यादव इत्यादि लोग शामिल है।

# विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन



**जांजगीर-चांपा।** जिले में विकासखंड नवागढ़ अंतर्गत ग्राम मिसदा के मिनी स्टेडियम में आयोजित विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि लोकसभा जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने किया।

सांसद श्रीमती जांगड़े ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेलों से अनुशासन, टीम भावना, आपसी सहयोग और आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा यह खेल महोत्सव गांवों की प्रतिभा को निखारने और युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने सराहनीय प्रयास है। ग्रामीण अंचलों के युवाओं में अपार प्रतिभा है, जिन्हें सही अवसर मिलने पर वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। सांसद ने सभी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलों में भी अग्रणी बनकर देश-प्रदेश का गौरव बढ़ाएं।

महोत्सव में 100 मीटर दौड़ 15 से 19 वर्ष, गेड़ी दौड़, रस्सा कसी, वालीवाल, 100 मीटर दौड़ 19 से 30 वर्ष, गिल्ली डंडा 15 से 19 वर्ष, खो-खो 15 से 19 वर्ष, कबड्डी, 15 से 19 वर्ष सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेता खिलाड़ियों को सांसद श्रीमती जांगड़े ने ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष नवागढ़ श्रीमती कान्ता मोहन कश्यप, जनपद सदस्य श्रीमती सुशीला तिवारी, जनपद सदस्य श्रीमती निशा यादव, मिसदा सरपंच सागर कुर्रे, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, लोकेश शुक्ला, सहित खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में नागरिकगण भी उपस्थित रहे।





## श्री रामलला एवं काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन के लिए जिले से श्रद्धालुओं का दल रवाना

**जांजगीर-चांपा।** राज्य शासन द्वारा श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम में भगवान श्री रामलला तथा भगवान काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन कराने हेतु संचालित श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना के अंतर्गत आज जिले से श्रद्धालुओं का दल रवाना हुआ। इस योजना के माध्यम से श्रद्धालुओं को निःशुल्क यात्रा, दर्शन, आवास, भोजन और सुरक्षा की संपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत आज खोखरा से जिले के कुल 187 श्रद्धालुओं को लेकर बस अयोध्या धाम दर्शन यात्रा के लिए रवाना हुईं। यह बस जिले के श्रद्धालुओं को बिलासपुर रेलवे स्टेशन तक ले जाएगी, जहाँ से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया जाएगा।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष जांजगीर-नैला श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, जिला पंचायत सदस्य सुश्री आशा साव, नगर पालिका जांजगीर-नैला उपाध्यक्ष श्री मोहन यादव, पार्षदगण सहित जनप्रतिधियों ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी जनप्रतिनिधियों ने श्री रामलला दर्शन योजना की सराहना की एवं यात्रियों को तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर शुभकामनाओं सहित रवाना किया। इस अवसर पर उप संचालक पंचायत अभिमन्यु साहू सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# पति के निधन के बाद भी नहीं टूटा हौसला प्रधानमंत्री आवास योजना ने दिलिन बाई के सपनों को दिए पंख

**जांजगीर-चांपा।** जिले के जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही की ग्राम मौहाडीह निवासी 85 वर्षीय श्रीमती दिलिन बाई पटेल, पति स्व. कन्हैया लाल पटेल का जीवन उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए आज एक नई प्रेरणा बन गई हैं।

कभी अपने पति के साथ एक पक्के घर का सपना देखने वाली दिलिन बाई के लिए पति का निधन जीवन का सबसे कठिन क्षण था। उन्हें लगा कि अब उनका आशियाना अधूरा रह जाएगा। परंतु प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने उनके उस अधूरे सपने को पूरा किया। सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना 2011 की स्थायी प्रतीक्षा सूची में नाम होने के कारण ग्राम सभा द्वारा वर्ष 2024-25 में उनका चयन हुआ। जनपद पंचायत बम्हनीडीह द्वारा प्रस्ताव स्वीकृत होने पर जिला पंचायत जांजगीर-चांपा से स्वीकृति मिली। प्रथम किशत के रूप में 40 हजार मिलने के बाद उन्होंने उत्साह के साथ घर का निर्माण प्रारंभ किया। तत्पश्चात द्वितीय किशत 55 हजार एवं तृतीय किशत 25 हजार प्राप्त कर उन्होंने अपने पति के सपनों को मूर्त रूप दिया। निर्माण में मनरेगा के तहत 90 दिवस की मजदूरी से भी उन्हें सहारा मिला। दिलिन बाई भावुक होकर कहती हैं मेरे पति का सपना था कि हम पक्के घर में रहें। आज वह सपना प्रधानमंत्री आवास योजना से पूरा हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री





नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत उन्हें मुफ्त गैस कनेक्शन मिला, जिससे अब वे धुएं से मुक्त होकर गैस चूल्हे पर भोजन बनाती हैं। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन, विधवा पेंशन योजना और महतारी वंदना योजना से उन्हें अतिरिक्त सहयोग मिला है। श्रीमति दिलिन बाई आज सम्मानपूर्वक, सुरक्षित और स्वस्थ जीवन व्यतीत कर रही हैं। कच्चे घर से पक्के जीवन की ओर दिलिन बाई की प्रेरणादायक कहानी हर महिला के हौसले की मिसाल है।

# वन विभाग ने नागरिकों से की सावधानी अपनाने की अपील

**जांजगीर-चांपा।** 28 अक्टूबर 2025 को मड़वा पॉवर प्लांट परिसर में लगाए गए सुरक्षा कैमरों में आज एक तेन्दुए की स्पष्ट रूप से उपस्थिति दर्ज की गई है। वन विभाग की टीम द्वारा तत्काल क्षेत्र का निरीक्षण किया गया है तथा आस-पास के ग्रामों को सतर्क किया जा रहा है। यह उल्लेखनीय है कि तेन्दुआ छत्तीसगढ़ राज्य के वन क्षेत्रों में सामान्य रूप से पाया जाने वाला वन्यजीव है। शीत ऋतु के आगमन पर शिकार की गतिशीलता एवं मौसम परिवर्तन के कारण ऐसे वन्यजीवों का जंगलों से सटे मानव क्षेत्रों में आना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। अतः इस घटना से अत्यधिक भयमीत होने की आवश्यकता नहीं है।



वन विभाग नागरिकों से निम्न सावधानियाँ अपनाने की अपील -

वृद्धजन एवं बालक-बालिकाएँ प्रातः काल एवं सायंकाल के समय अकेले बाहर न निकलें। खुले में शौच करने से परहेज करें, क्योकि इससे वन्यजीवों से अनावश्यक आमना-सामना हो सकता है। पशुपालक एवं पशुधन धारक व्यक्ति (जैसे बकरी, मुर्गी, सुअर आदि पालने वाले) अपने पशुओं को रात्रि के समय सुरक्षित बाड़े या घेरों में रखें। पालतू कुत्ते या बिल्ली रखने वाले व्यक्ति अपने पालतू पशुओं को रात्रि में घर के अंदर रखें। किसी भी स्थिति में वन्यजीव को चिढ़ाने, डराने, पत्थर फेंकने, जीवित तारों का प्रयोग करने जैसे कृत्य न करें। ये कार्य वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा के अंतर्गत शिकार की श्रेणी में आते है और इसके लिए कठोर दण्ड का प्रावधान है।

तेन्दुआ एक मानव परिहारक प्राणी है। यह सामान्यतः मनुष्यों को नुकसान नहीं पहुंचाता। सम्भवतः यह तेन्दुआ भोजन अथवा आश्रय की खोज में अपने प्राकृतिक आवास से भटककर इस क्षेत्र में आया हो। अतः इससे छेड़छाड़ न करें और संयम बरतें। यदि किसी स्थान पर तेन्दुए या अन्य वन्यजीव की उपस्थिति दिखाई दे, तो तत्काल सूचना अपने स्थानीय जनप्रतिनिधियों या उड़दस्ता प्रभारी श्री टेकराज सिदार (मो.नं. 8223813383) को दें। वन विभाग क्षेत्र में नियमित गश्त एवं निगरानी कर रहा है तथा स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे शांति बनाये रखें, अफवाहों पर ध्यान न दे तथा विभाग द्वारा दिए गये दिशा-निर्देशों का पालन करें। वन्यजीव तेन्दुआ अनुसूची-1 के अंतर्गत संरक्षित वन्यप्राणी है - ऐसे में इसके प्रति संवेदनशीलता, सह-अस्तित्व की भावना एवं संरक्षण की प्रवृत्ति हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

समक्ष पब्लिक नोटरी कोरबा छ.ग.
शपथपत्र

समक्ष पब्लिक नोटरी कोरबा छ.ग.
शपथपत्र

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी
एवं तहसीलदार जांजगीर
जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्रमांक/तह/मा./जन्म-मृत्यु/2025

जांजगीर, दिनांक / /2025
रा.प्र.क्र.- ब-121/2025
ग्राम- जांजगीर

**जन्म प्रमाण पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम जांजगीर को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरिता दुबे पिता मनहरण लाल साकिन ग्राम जांजगीर तहसील- जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं--- ग्राम जांजगीर में अपने/अपनी सरिता दुबे के जन्म दिनांक 8.7.1977 को होने से जन्म पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 3.11.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार न करते हुए आवेदक का जन्म प्रमाण पत्र पंजीयन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 24.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(सील) कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जांजगीर

## अनमोल वचन......

सफलता एक घटिया शिक्षक है इन लोगों में यह सोच विकसित कर देता है कि वह सफल नहीं हो सकते - बिल गेट्स

# किसानों की समृद्धि की नयी राह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की समृद्धि की नयी राह बनायी है। 24,000 करोड़ रुपये की लागत से शुरू की गई पीएम धन-धान्य कृषि योजना भारतीय कृषि के परिदृश्य में एक नए अध्याय की शुरुआत मानी जा सकती है। यह केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के विकास और किसानों की समृद्धि की दिशा में एक दूरदर्शी पहल है। जब जलवायु परिवर्तन, घटती उत्पादकता, और बढ़ती लागतों के बीच किसान जीवनयापन के संकट से जूझ रहे हैं, तब यह योजना उन्हें नई आशा और आत्मविश्वास देने का कार्य करेगी। इस योजना का मूल उद्देश्य देश के हर खेत तक सिंचाई सुविधा पहुंचाना, फसल उत्पादकता में वृद्धि करना, किसानों को सुलभ ऋण और भंडारण की बेहतर व्यवस्था प्रदान करना है। भारत जैसे विशाल कृषि प्रधान देश में आज भी लाखों किसान वर्षा आधारित खेती पर निर्भर हैं। अनियमित मानसून और सीमित सिंचाई संसाधन किसानों के जीवन को अनिश्चित बनाते हैं। ऐसे में, यह योजना जल प्रबंधन और सिंचाई के विस्तार के माध्यम से खेती को स्थायित्व और सुरक्षा प्रदान करेगी। धन-धान्य योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू आधुनिक भंडारण सुविधाओं के सृजन से जुड़ा है। भारत में हर वर्ष लाखों टन अनाज भंडारण की कमी के कारण खराब हो जाता है। अब आधुनिक गोदामों, कोल्ड स्टोरेज और ग्रामीण स्तर पर वेयरहाउसिंग की व्यवस्था किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने में मदद करेगी। इससे उन्हें फसल को सही मूल्य मिलने तक बेचने का इंतज़ार करने का अवसर मिलेगा, और बिचौलियों पर उनकी निर्भरता घटेगी। किसानों को सुलभ और कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराना भी इस योजना की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। छोटे और सीमांत किसान अक्सर बैंकिंग प्रणाली से दूर रह जाते हैं और स्थानीय साहूकारों के शोषण का शिकार बनते हैं।

## राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा , खर्च की अधिकता रहेगी। आज आप भौतिक सामानों की ख़रीद-फरोख्त कर सकते है। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा, आज आपके बच्चे अच्छे से पढ़ाई करेंगे। सगे -संबधियों का आज आपके घर पर आना हो सकता है।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहेगा। जो लोग आज किसी नए काम की शुरुआत करना चाहते है, आज उनके लिए दिन शुभ है। व्यापार में लाभ की स्थिति बढ़िया रहेगी , पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप अपने काम के सिलसिले में किसी दूसरे शहर की यात्रा पर जा सकते हैं, आज आपकी मुलाकात मित्र से होगी, कुछ पुरानी यांदे ताजा होंगी।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतरीन साबित होगा। अगर आप किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने के बारे में सोच रहे हैं तो आज अच्छा दिन है। वैवाहिक जीवन में कुछ नयी जिम्मेदारियों का आज आप अहसास करेंगे। बच्चों को लेकर ज्यादा सवेंदनशील होने की जरुरत नहीं है, आज वो अपना काम अच्छे से करेंगे। आज आपको सामाजिक समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण प्राप्त हो सकता है।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा, भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। जिस काम के लिए आप काफी समय से परेशान चल रहे थे, आज वो काम पूरा हो जायेगा। ससुराल पक्ष से आज आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए मिला -जुला रहने वाला है। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगो को आज किसी बड़ी फिल्म का ऑफर मिल सकता है। जिससे अनुभवी व्यक्तियों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। दांपत्य जीवन में सुधार होगा, बच्चों का सहयोग मिलेगा।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स का बिजनेस करने वालों को आज अच्छा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, घर-परिवार में सबसे रिश्ते मधुर होंगे। आज आपको जीवनसाथी से अच्छी खबर मिल सकती है। राजनीति से जुड़े हुए लोगो को आज वरिष्ठ व्यक्तियों से मिलने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज आप लाभ की स्तिथि में रहेंगे। जो लोग किसी स्टार्टअप को शुरू करना चाहते है, आज उनके पास बेहतरीन ऑफर मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी , बच्चों से खुशियां मिलेगी। अविवाहित व्यक्तियों के लिए आज अच्छा रिश्ता आएगा। लवमेट आज का दिन ख़ुशी से बिताएंगे, आज आप लोग मूवी देखने जा सकते है।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। जो लोग प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते है, उनको आज बढ़िया डील मिलेगी। दोस्तों के साथ आज आप अच्छा समय बिताएंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, उनको किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, जिससे आपको बिजनेस में ग्रोथ मिलेगी। जीवनसाथी से रिश्ते मधुर होंगे। आज आप परिवार के साथ किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते है। डिजिटल दुनिया से जुड़े लोगो को आज एक नयी दिशा मिलेगी।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने वालों को आज दोगना लाभ होगा। आज आप पैसों के लेन -देंन से बचकर रहे , किसी अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करे। रोजगार में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे, पारिवारिक माहौल खुशियों से भरा होगा।

कुम्भ राशिः आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली रहेगा। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी, जीवनसाथी के साथ आज आप डिनर पर जायेंगे। मेडिकल के स्टूडेंट को आज अनुभवी डॉक्टरों से मिलने का अवसर मिलेगा।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज आपके लाभ की स्थिति अच्छी रहेगी। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर अत्यधिक खर्च कर सकते है जमीन-जायदाद के मामले में आज आपको कोर्ट-कचहरी से बड़ी राहत मिलने वाली है। आज आप अपने घर पर किसी अनुष्ठान का आयोजन कर सकते है। आज का दिन छात्रों के लिए बेहतर रहेगा, शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। महिलाओं को आज किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

# छात्रों में बढ़ती जा रही हिंसात्मक गतिविधियां

//सोनम लववंशी//

**देश के तमाम शहरों के विद्यालयों में छात्रों के द्वारा की जा रही हिंसात्मक गतिविधियों पर लोगों को सोचने पर विवश कर दिया है। एक घटना जिसमें दसवीं के छात्र की हत्या और दूसरी घटना नरसिंहपुर में एक छात्र द्वारा अपनी शिक्षिका पर पेट्रोल डाल कर उन्हें आग के हवाले कर देना। दोनों घटनाएं अलग-थलग वारदात नहीं, बल्कि उस गहरे संकट की परछाई हैं, जो हमारी सामाजिक संरचना और परवरिश के तौर-तरीकों को चुनौती दे रहा है। बच्चे, जिनकी दुनिया खेलकूद, पढ़ाई और मासूमियत से भरी होनी चाहिए, आज हिंसा, हताशा और प्रतिशोध के घेरे में फंसते जा रहे हैं। ऐसे में सवाल यह नहीं कि अपराधी कौन है, बल्कि यह है कि अपराध की जड़ें इतनी गहरा क्यों गई हैं।**

यदि बीते आठ वर्षो के परिप्रेक्ष्य में देखें तो 2014-22 के बीच बाल अपराधों में 81 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई। सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि समाज की नींव कहीं न कहीं कमजोर हुई है। बाल अपराधों में सर्वाधिक हिस्सा यौन शोषण का है। बाल लैंगिक अपराध संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों का अनुपात लगातार 36 फीसद के आसपास बना हुआ है अर्थात हर तीसरे अपराध में कोई न कोई बच्चा यौन उत्पीड़न का शिकार होता है। यह स्थिति केवल कानून-व्यवस्था पर प्रश्न चिह्न नहीं लगाती, बल्कि समाज की सामूहिक संवेदनहीनता को भी उजागर करती है। ऐसे में अपराध ही नहीं, बच्चों का मानसिक संतुलन भी गहरे संकट में है।

एनसीआरबी की दुर्घटनावश मृत्यु और आत्महत्या संबंधी रिपोर्ट बताती है कि 2022 में लगभग तेरह हजार छात्रों ने आत्महत्या की। यह संख्या देश में हुई कुल आत्महत्याओं का लगभग सात फीसद है। सोचिए, केवल परीक्षा में असफल होने के कारण ग्यारह सौ से अधिक बच्चों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। कुल मिला कर अठारह वर्ष से कम आयु के दस हजार से अधिक बच्चों ने 2022 में आत्महत्या का रास्ता चुना और इनमें लड़कियों की संख्या अधिक रही। यह आंकड़ा सिद्ध करता है कि बच्चे अपने ही घर और विद्यालय के दबावों से हार मान रहे हैं। वहीं नाबालिगों द्वारा किए जा रहे अपराध भी भयावह दिशा में बढ़े हैं। 2016 में किशोरों द्वारा अपराधों में हिंसक घटनाओं का अनुपात 32 फीसद था, जबकि 2022 तक यह बढ़ कर लगभग 50 फीसद हो गया अर्थात संख्या स्थिर रही, किंतु स्वरूप अधिक क्रुर और हिंसक हो गया।

दिल्ली सहित अनेक महानगरों में पिछले दो वर्षो में नाबालिगों को हत्या, लूटपाट और रेप जैसे गंभीर अपराधों में गिरफ्तार किया गया। इन घटनाओं में प्रायः मोबाइल फोन, हथियार और इंटरनेट की आसान उपलब्धता बड़ी वजह के रूप में सामने आई। डिजिटल संसार भी बच्चों की सुरक्षा के लिए चुनौती बन चुका है। 2022 में साइबर अपराधों में चौबीस फीसद की वृद्धि दर्ज की गई और इनमें अनेक मामलों में पीड़ित सीधे तौर पर बच्चे ही थे। अनियंत्रित तकनीकी पहुंच और आभासी दुनिया का मोह बच्चों को वास्तविक जीवन से काट कर असुरक्षित बना रहा है। ये सारे तथ्य बताने के लिए पर्याप्त हैं कि यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं है। मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा और पारिवारिक संवाद की विफलता का सम्मिलित परिणाम है। विद्यालयों में अब भी अनिवार्य परामर्शदाता व्यवस्था नहीं है।

अध्यापक ज्ञान बांटने में सक्षम हैं परंतु बच्चों के भावनात्मक संघर्ष को समझने और संभालने के लिए प्रशिक्षित नहीं। परिवारों में संवाद का दायरा सीमित होता जा रहा है। अभिभावक बच्चों की चिंताओं और हताशाओं को सुनने की बजाय केवल अंक पत्र और करियर पर ध्यान केंद्रित रखते हैं। समाज मानसिक स्वास्थ्य को विशेष वर्ग का विषय मानता है, जबकि यह हर बच्चे की मूलभूत आवश्यकता है।

अनेक देशों में विद्यालयों में अनिवार्य मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा लागू की जा चुकी है। कला, खेल और संवाद पर आधारित पुनर्वास कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। किशोर अपराधों से निपटने के लिए 'पुनर्स्थापनात्मक न्याय' पद्धति अपनाई जा रही है, जिसमें अपराधी किशोर को कठोर दंड की बजाय पीड़ित और समाज के साथ संवाद की प्रक्रिया में शामिल कर सुधार की दिशा दी जाती है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष और वि स्वास्थ्य संगठन चेतावनी दे चुके हैं कि किशोर अपराध को केवल अपराध मान कर कठोर दंड देना समाधान नहीं है। समस्या बहुआयामी है, और इसका समाधान संवेदनशील परवरिश, संवाद और सामाजिक सहयोग से ही संभव है। कुल मिला कर देखें तो हमारे सामने सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या हम अपनी अगली पीढ़ी को हिंसा और निराशा से बचा पाएंगे।क्या हम उन्हें किताब, कला और संवाद की दुनिया में लौटा पाएंगे। क्या हम स्वीकार करेंगे कि शिक्षा अंकों और रोजगार का साधन ही नहीं है, बल्कि संवेदनशीलता और विवेक का संस्कार भी है। और क्या हम सच्चाई का सामना करेंगे कि बच्चों की हिंसा दरअसल, हमारी सामूहिक विफलता का आईना है।

# और भी जातियों की पार्टियां बनेंगी

//हरिशंकर व्यास//

**नीतीश सरकार की कराई जाति गणना के बाद बिहार में पहला चुनाव है। यह चुनाव कई तरह से राजनीति को बदलने वाला है। आखिरी बार अंग्रेजी राज में 1931 में जाति गणना हुई थी और उसके बाद भी जातियों का ध्रुवीकरण नए तरह से हुआ था। उस समय कांग्रेस के सवर्ण नेतृत्व के खिलाफ यादव, कोईरी और कुर्मी का त्रिवेणी संघ बना था, जिसने 1937 के चुनाव में कई इलाकों में कांग्रेस को हरा दिया था। हालांकि कांग्रेस के मजबूत संगठन, आजादी की लड़ाई के बड़े लक्ष्य और अगड़ी जातियों की ओर से हुए अति हिंसक प्रतिरोध की वजह से त्रिवेणी संघ आगे नहीं चल सका। उसके बाद अब पहली बार जातियां गिनी गई हैं और चुनाव हो रहा है। इस चुनाव में जातियों का नया ध्रुवीकरण तो दिख ही रहा है साथ ही आबादी के हिसाब से छोटी से छोटी जाति भी राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए बड़ी जातियों के साथ प्रतिस्पर्धा करती दिख रही है।**

पटना में गुरुवार, 23 अक्टूबर को अशोक गहलोत द्वारा तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित करने के साथ ही मल्लाह जाति से आने वाले मुकेश सहनी को उप मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित करना इसी राजनीति का नमूना है। राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन ने 'सन ऑफ मल्लाह' के नाम से अपनी ब्रांडिंग करने वाले मुकेश सहनी को उप मुख्यमंत्री पद का दावेदार बना कर अत्यंत पिछड़ी जातियों को मैसेज दिया है कि महागठबंधन के साथ उनको सत्ता में हिस्सेदारी मिलेगी। अति पिछड़ी जाति के प्रतिनिधि चेहरे के तौर पर मुकेश सहनी के अलावा आईपी गुप्ता का चेहरा भी सामने लाया गया है। महागठबंधन ने उनको सहरसा की सीट दी है। वे तांती समाज से आते हैं। उन्होंने तांती, तंतवा को एक व्यापक पान समाज के रूप में पहचान दिलाने का आंदोलन छेड़ा है।

करीब 25 लाख की आबादी वाले इस समाज के लोगों ने आईपी गुप्ता की अपील पर पटना का गांधी मैदान भर दिया था। यह शुरुआत है। आने वाले दिनों में ऐसी जातियों की संख्या बढ़ेगी, जिनके नेता सामने आकर जाति को पहचान दिलाने का आंदोलन शुरू करेंगे। बिहार में जाति गणना के मुताबिक 36 फीसदी आबादी अति पिछड़ी जातियों की है, जिसमें 26 फीसदी हिंदू अति पिछ्ड़ी जातियां हैं। इस 26 फीसदी आबादी में कुल 80 जातियां आती हैं, जिनमें से सिर्फ तीन जातियां ऐसी हैं, जिनकी आबादी दो फीसदी से ज्यादा है। लेकिन इन दो फीसदी वाली जातियों के साथ साथ बाकी जातियां भी अपने प्रतिनिधत्व के लिए लड़ रही हैं। देश के कई राज्यों में जातियों का राजनीतिक सशक्तिकरण पहले हो चुका है और उनकी लड़ाई सेटल हो चुकी है। लेकिन बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में अब जाकर राजनीतिक प्रतिनिधित्व की जंग शुरू हुई है। आने वाले दिनों में हर जाति की पार्टी बनेगी। उसके नेता राजनीतिक सत्ता में हिस्सेदारी मांगेंगे। बहरहाल, टिकटों की घोषणा से पहले राहुल गांधी ने पटना जाकर अति पिछड़ा समुदाय के सशक्तिकरण का एक घोषणापत्र जारी किया था। चुनाव के लिए गठबंधन का घोषणापत्र बाद में जारी होगा लेकिन ईबीसी का घोषणापत्र स्वंय राहुल गांधी ने जारी किया था। सो, एक समुदाय के रूप में अति पिछड़ा को साधने का प्रयास चल रहा है। यह प्रयास दोनों तरफ से हो रहा है। 2020 के चुनाव के बाद जब सरकार बनी तब भाजपा ने नोनिया समाज से आने वाली अति पिछड़ी जाति की रेणु देवी को उप मुख्यमंत्री बनाया था। भाजपा की ओर से लगातार इस बात का प्रचार किया जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अति पिछड़ी जाति से आते हैं। चूंकि यह समुदाय एक समरूप समाज नहीं है इसलिए इनका कोई सर्वमान्य नेता नहीं है तो नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार को इसका लाभ मिलता रहा है। अब लालू यादव परिवार और कांग्रेस की ओर से भी इस समूह पर दांव खेला जा रहा है।

इसके अलावा अति पिछड़ी जातियों को भी हर जाति की आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने का काम हो रहा है। यह भी नीतीश कुमार की कराई जाति गणना का नतीजा है कि हर जाति अपने लिए विधानसभा चुनाव में टिकट मांग रही है और पार्टियों की मजबूरी हो गई है कि वे टिकट बंटवारे में विविधता लाएं। लगभग सभी पार्टियों ने टिकट बंटवारा करने के बाद जो सूची जारी की उसमें उम्मीदवारों की जाति बताई। उप जातियों का भी जिक्र किया। नीतीश कुमार की पार्टी ने अपनी सूची में अपने आधार वोट यानी कोईरी, कुर्मी और धानुक को सबसे ज्यादा सीटें दीं और उसके बाद पार्टी ने अत्यंत पिछड़ी जातियों में से जिस जाति को जितनी सीटें दीं उसका जिक्र अलग से किया। कहा जा सकता है कि सामाजिक स्तर पर एकजुट रहे जातीय समूहों को राजनीतिक लाभ हानि के लिए अलग अलग समूहों में विभाजित किया जा रहा है। इसकी वजह से आने वाले दिनों में जाति आधारित पार्टियों का विस्फोट होना है। अभी बिहार में यादव, कोईरी, कुर्मी, तांती, पासवान, मांझी आदि की पार्टी बन गई है। आने वाले समय में और भी जातियों की पार्टियां बनेंगी।

# भारतीय अर्थव्यवस्था पर ट्रम्प प्रशासन के 50 प्रतिशत टैरिफ का कोई असर नहीं

//प्रह्लाद सबनानी //

अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर 50 प्रतिशत की दर से टैरिफ लगाया गया है। ट्रम्प ने वैसे तो लगभग सभी देशों से अमेरिका को होने विभिन्न उत्पादों पर अलग अलग दर से टैरिफ लगाया है परंतु भारत द्वारा विशेष रूप से रूस से सस्ते दामों पर कच्चे तेल की खरीद के चलते भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ भी लगाया हुआ है। विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले उत्पादों के निर्यात पर टैरिफ को लगाए हुए अब कुछ समय व्यतीत हो चुका है एवं अब इसका असर विभिन्न देशों की अर्थवस्थाओं एवं अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। यह हर्ष का विषय है कि 27 अगस्त 2025 से लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर लगभग नगण्य सा ही रहा है। माह सितम्बर 2025 में भारत से अमेरिका को विभिन्न उत्पादों का निर्यात लगभग 12 प्रतिशत कम होकर केवल 550 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर नीचे आ गया है। परंतु, भारत का अन्य देशों को निर्यात लगभग 11 प्रतिशत से बढ़कर 3,638 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में किए गए निर्यात से लगभग 7 प्रतिशत अधिक है। सितम्बर 2025 माह में भारत से 24 देशों को निर्यात की मात्रा बढ़ गई है। इस प्रकार, भारत द्वारा अमेरिका को कम हो रहे निर्यात की भरपाई अन्य देशों को निर्यात बढ़ाकर कर ली गई है। सितम्बर 2025 माह में न केवल निर्यात में पर्याप्त वृद्धि दर्ज की गई है अपितु भारत में अक्टूबर 2025 माह में प्रारम्भ हुए त्यौहारी मौसम, धनतेरस एवं दीपावली उत्सव के पावन पर्व पर, 6,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं की बिक्री भारत में हुई है, जो अपने आप में एक रिकार्ड है। हर्ष का विषय यह है कि इस कुल बिक्री में 87 प्रतिशत उत्पाद भारत में ही निर्मित उत्पाद रहे हैं। भारत में स्वदेशी उत्पादों की बिक्री का रिकार्ड कायम हुआ है। भारत में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से लगातार प्रयास कर रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी भारतीय नागरिकों का स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का हाल ही में आह्वान किया था। इस आग्रह का अब भारी संख्या में भारतीय नागरिक सकारात्मक उत्तर दे रहे हैं। भारत में लगातार बढ़ रहे उपभोक्ता खर्च के चलते वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण में भी लगातार वृद्धि दृष्टिगोचर है, जो अब लगभग 2 लाख करोड़ प्रति माह के स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय पूंजी बाजार भी सकारात्मक परिणाम देता हुआ दिखाई दे रहा है। सितम्बर 2025 के अंत में सेन्सेक्स 80,267 के स्तर पर था जो 21 अक्टोबर 2025 को बढ़कर 84,426 के स्तर पर पहुंच गया। इसी प्रकार निफ्टी इंडेक्स भी सितम्बर 2025 के अंत में 24,611 के स्तर से बढ़कर 21 अक्टूबर 2025 को 25,868 के स्तर पर पहुंच गया। दीपावली के पावन पर्व पर रिकार्ड तोड़ व्यापार होने एवं पूंजी बाजार के अपने पिछले 52 सप्ताह के लगभग उच्चत्तम स्तर पर पहुंचने के पीछे मुख्य रूप से तीन कारक जिम्मेदार माने जा रहे हैं। (1) भारतीय उपभोक्ताओं में भारतीय उत्पादों के प्रति विश्वास निर्मित हुआ है और वे अब भारत में निर्मित उत्पादों को चीन अथवा अन्य विकसित देशों में निर्मित उत्पादों की तुलना में गुणवत्ता के मामले में बेहतर मानने लगे हैं। (2) विभिन्न भारतीय कम्पनियों द्वारा हाल ही में सितम्बर 2025 को समाप्त तिमाही के घोषित परिणाम काफी उत्साहजनक रहे हैं। (3) साथ ही, अक्टूबर 2025 माह में विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में वपिसी हुई है। वर्ष 2025 में सितम्बर 2025 माह तक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजार से लगभग 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि की निकासी की थी, जबकि अक्टूबर 2025 माह में विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा अभी तक लगभग 7,300 करोड़ रुपए का नया निवेश किया गया है।

ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के पश्चात भी भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार आगे बढ़ रही है जबकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर लगातार संकट के बादल मंडराते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत में मुद्रा स्फीति की दर लगातार नीचे आ रही है एवं यह सितम्बर 2025 माह में 1.54 प्रतिशत तक नीचे आ चुकी है जो पिछले 8 वर्षों के दौरान अपने सबसे निचले स्तर पर है। जबकि ट्रम्प प्रशासन द्वारा विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर लगाए गए टैरिफ के चलते अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर अब बढ़ती हुई दिखाई दे रही है और अगस्त 2025 माह में यह 2.9 प्रतिशत के स्तर पर रही है। ट्रम्प प्रशासन द्वारा अपने वित्तीय घाटे को नियंत्रण में लाने एवं सरकारी ऋण को कम करने के उद्देश्य से विभिन्न देशों से अमेरिका को होने निर्यात पर टैरिफ की घोषणा की थी। परंतु, भारी मात्रा में टैरिफ बढ़ाने के बावजूद अमेरिका का वित्तीय घाटा कम होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। आज अमेरिका में वित्तीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.9 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया है जबकि भारत में यह प्रतिवर्ष लगातार कम हो रहा है और इसके वित्तीय वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत के स्तर पर नीचे पहुंच जाने की सम्भावना है, यह वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.8 प्रतिशत का रहा था।

## तस्वीरों की दुनिया


उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में अंतर-महाविद्यालयीन युवा उत्सव का शुभारंभ किया।


मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज जनजातीय समाज के महान शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं राष्ट्रनायक बाबा कार्तिक उरांव की जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर अंबिकापुर में भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।


मुख्यमंत्री मोहन यादव भागलपुर में नाथनगर विधानसभा क्षेत्र से एनडीए सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के उम्मीदवार मिथुन यादव के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए।


मनाली के निकट लोकप्रिय पर्यटन स्थल रोहतांग दर्रे पर ताज़ा बर्फबारी के बीच पर्यटक आनंद लेते हुए।


कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बिहार के दरभंगा में बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में एक संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुए।


हरियाणा के अंबाला स्थित वायुसेना स्टेशन पर राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरने से पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह (बाएं से दूसरे) और अन्य के साथ।


राष्ट्रीय साइबर जागरूकता माह के समापन के अवसर पर मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा भोपाल में आयोजित रन फॉर साइबर अवेयरनेस में भाग लेते पुलिसकर्मी।

# 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प साथ भाजपा करेगी पदयात्रा

## 31 अक्टूबर को 'रन फार यूनिटी' से होगी शुरुआत

**लखनऊ, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को जिले स्तर पर 'रन फार यूनिटी' का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद भाजपा 10 नवंबर से विधान सभा स्तर पर पदयात्राओं की शुरुआत करेगी, जो 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएंगी। इन यात्राओं का उद्देश्य लौहपुरुष के योगदान से समाज को जोड़ना और राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाना है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने बुधवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में सरदार पटेल 150वीं जयंती समारोह अभियान की समीक्षा बैठक को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन राष्ट्र की एकता, दृढ़ संकल्प और त्याग का प्रतीक है। भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि यह संस्कार, सेवा और समर्पण का आंदोलन है। 'रन फार यूनिटी' में खिलाड़ी, किसान, शिक्षक, अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी, मजदूर, उद्यमी, युवा और महिलाएं सभी वर्गों की भागीदारी रहेगी। पदयात्राएं आठ किलोमीटर की होंगी, जिनमें चार पड़ाव रखे जाएंगे। हर पड़ाव पर सभा और अंत में बड़ी जनसभा आयोजित होगी। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सरदार पटेल के व्यक्तित्व और उनके विचारों का मंचन किया जाएगा। बंसल ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले, और हर गांव, नगर व मोहल्ले में सरदार पटेल के विचारों की ज्योति प्रज्ज्वलित हो।प्रदेश महामंत्री एवं अभियान प्रभारी संजय राय ने बताया कि 'रन फार यूनिटी' में प्रदेश सरकार के मंत्री, पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता प्रत्येक जिले में भाग लेंगे। पदयात्राओं में मंत्री भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि प्रभावी संचालन के लिए प्रदेश, क्षेत्र, जिला, विधानसभा, मंडल और बूथ स्तर पर जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं।

# जबलपुर के तीन कारोबारियों की मौत, बाइक को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा, शहर में छाया शोक



**जबलपुर, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

नागपुर से जबलपुर लौट रहे कार सवार तीन कारोबारियों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बाइक को बचाने के चक्कर में कार उल्टी दिशा में मुड़ गई और सामने से आ रही ट्रैवलर से टकरा गई। हादसे में 12 लोग घायल हुए हैं।घटना नागपुर के देवलापार में बुधवार को हुई। सूचना मिलते ही कारोबार जगत के लोग स्तब्ध रह गए। मृतकों के स्वजन नागपुर के लिए रवाना हो गए हैं। पीएम के बाद गुरुवार को तीनों के शवों को शहर लाया जाएगा। गोरखपुर निवासी कपिल साहनी (51) सिविल लाइन डिलाइट स्थित होटल श्रीगोपाल के संचालक हैं। कपिल और तिलहरी निवासी अमित अग्रवाल (50) व जसूजा सिटी निवासी संदीप सोनी (51) व्यापारिक साझेदार थे। शहर में कई होटलों और रेस्टोरेंट की उन्होंने फेंचाइजी भी ली थी। काम के सिलसिले में अक्सर तीनों को बाहर आना-जाना लगा रहता था। रविवार को भी काम के सिलसिले में वे नागपुर गए थे। तीनों बुधवार दोपहर लगभग दो बजे कार एमपी 20 जेडए 0014 से नागपुर से जबलपुर के लिए रवाना हुए। अपराह्न लगभग साढ़े चार बजे वे देवलापार में नेशनल हाईवे में पहुंचे ही थे कि सामने से अचानक एक बाइक चालक आ गया। उसे बचाने के लिए कार का स्टेयरिंग मोड़ा, तभी कार अनियंत्रित हो गई। कार की रफ्तार अधिक होने से वह गलत दिशा में मुड़कर ट्रैवलर से टकरा गई। कार जबलपुर से नागपुर की ओर जा रही ट्रैवलर एमपी 22 जेडी 5822 से टकरा गई। बस की रफ्तार अधिक होने के कारण कार उसमें फंसकर लगभग 100 मीटर घिसटी और सड़क किनारे खड़े ट्रक आरजे 11 जीसी 6663 से टकरा गई। घटना में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार तीनों कारोबारी उसमें फंस गए। घटना के बाद वहां चीख पुकार मच गई। ट्रैवलर सवार 12 लोग भी बुरी तरह घायल हो गए। आसपास से गुजर रहे लोगों ने ट्रैवलर में सवार घायलों को निकाला, तब तक देवलापार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल भेजा गया।

इधर, काफी मशक्कत के बाद तीनों कारोबारियों को कार से निकाला जा सका, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतकों के फोन और कार नंबर के आधार पर पुलिस को उनके नाम-पता की जानकारी लगी और फिर स्वजन को सूचना दी गई।जिस जगह यह घटना हुई वहां क्रासिंग प्वाइंट बेहद संकरा है। ऐसे में वाहनों को खड़ा रहने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने से विपरीत दिशा या पीछे से आ रहे वाहनों से टक्कर का अंदेशा बना रहता है। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। लोगों ने देवलापार पुलिस और ओरिएंटल कंपनी के टोल प्लाजा (खुमारी) सूचना दी। इसके बाद टोल प्लाजा व पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे। सभी घायलों को देवलापार के सरकारी अस्पताल में लाया गया। प्राथमिक जांच में ही डाक्टरों ने कार सवार तीनों को मृत घोषित कर दिया।शहर के प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में हादसे के बाद शोक का माहौल है।

# जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा से तोड़फोड़, सड़कों पर उतरे लोग

## आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**जम्मू।** बनी में डॉ. बीआर आंबेडकर की प्रतिमा के साथ हुई तोड़फोड़ को लेकर आरक्षित वर्ग के लोगों ने बुधवार को आंबेडकर चौक में ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिजर्व्ड कैटेगरी के बैनर तले प्रदर्शन किया। साथ ही सरकार और पुलिस से आरोपितों को एक सप्ताह में गिरफ्तार करने की मांग उठाई।साथ ही ऐसा नहीं होने पर प्रदेशभर में धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी। आक्रोशित लोगों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जिनसे आरक्षित वर्ग परेशान है। मौके पर अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति वर्ग के लोगों ने जमकर नारेबाजी की।दलित चेतना मंच के प्रधान शाम बस्सन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुसूचित जाति पर अत्याचार, उनको दबाने, परेशान करने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कुछ लोग नहीं चाहते कि दलित वर्ग से संबंधित महापुरुषों का महिमा का प्रचार हो, उनके किए काम को लोग जानें। जो कुछ बनी में घटा, यह सब इन्ही बातों का प्रतीक है। डॉ. बीआर आंबेडकर जिन्होंने संविधान लिखा, दलित, पिछड़े लोगों के अधिकारों को सुरक्षित किया, पर किसी तरह की टीका टिप्पणी सहन नहीं की जाएगी। जिसने तोड़ फोड़ की वह समाज का दुश्मन है और उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। जम्मू-कश्मीर में एससी, एसटी, ओबीसी के लिए बनाए गए अत्याचार निवारण कानून को सख्ती से लागू किया जाए। जीएल थापा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आरक्षित वर्ग के खिलाफ घटनाएं आए दिन हो रही है, यह अच्छे संकेत नहीं हैं। सरकार को चाहिए कि इस तरह की घटनाओं को रोका जाए। जो भी लोग बनी में आंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने में लिप्त थे, को बिना देरी के गिरफ्तार किया जाए और उनको कड़ी सजा दी जाए। अगर ऐसा न हुआ तो ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिजर्व्ड कैटेगरी के लोग पूरे जम्मू-कश्मीर में धरने प्रदर्शन पर उतर आएंगे।

# रतलाम में मंडी के बाहर इंतजार कर रहे किसानों ने लगाया जाम, मंडी अधिकारी रहे नदारद

**रतलाम, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

कल देर रात रतलाम कृषि उपज मंडी में प्याज की बंपर आवक होने से मंडी गेट बंद करना पड़ा। रात करीब 10 बजे तक मंडी परिसर भर जाने के कारण करीब सौ से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लेकर पहुंचे किसान बाहर ही फंसे रह गए।प्रवेश न मिलने पर किसानों ने आक्रोश जताते हुए सालाखेड़ी मार्ग पर ट्रक खड़ा कर रास्ता जाम कर दिया। सूचना पर स्टेशन रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। करीब एक घंटे तक स्थिति बनी रही।बाद में तहसीलदार ऋषभ ठाकुर मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा की। उन्होंने मंडी कर्मचारियों के साथ अंदर की व्यवस्था का निरीक्षण किया और खाली जगह का आकलन कर टोकन व्यवस्था के माध्यम से ट्रॉलियों की एक-एक कर एंट्री करवाई। खाचरोद के किसान राहुल टेलर ने बताया कि रात में मंडी में प्रवेश नहीं मिलने से बाहर ट्रॉलियां खड़ी है, जिससे उपज और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के पुर्जे चोरी होने का भय बना हुआ है। किसानों ने कहा कि बारिश और ठंड के समय मंडी के अंदर होने से उपज सुरक्षित रहती है, लेकिन बाहर खुले में परेशानी होती है। ट्रॉलियां छोड़कर भोजन के



लिए भी नहीं जा पा रहे। ठंड और बारिश से बचने के लिए बाहर शेड तक नहीं है।

मंडी के अंदर शेड मिलने से बारिश ठंड से बचा जा सकता है। तहसीलदार ऋषभ ठाकुर ने बताया कि मंडी के अंदर व्यवस्था का निरीक्षण किया गया है। उपलब्ध स्थान देखकर ट्रॉलियों को चरणबद्ध तरीके से मंडी में प्रवेश दिलाया जा रहा है। किसानों द्वारा ट्रॉलियां सड़क पर खड़ी कर जाम लगाने की सूचना के बावजूद मंडी सचिव या मंडी प्रभारी मौके पर नहीं पहुंचे। प्रशासनिक स्थिति को संभालने के लिए तहसीलदार ऋषभ ठाकुर को स्वयं मौके पर पहुंचकर किसानों को आश्वस्त करना पड़ा।

### आरोपी सचिन का रिमांड खत्म, एक और पीड़िता ने लगाए गंभीर आरोप

**मुलाना।** नाबालिग माही हत्याकांड मामले की जांच में अब एक और पीड़िता ने अपने बयान दर्ज कराकर आरोपित सचिन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोपित सचिन का पुलिस रिमांड समाप्त हो रहा है, गुरुवार को उसे अदालत में पेश किया जाएगा। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस ने बुधवार को कई अहम गवाहों और संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए, जिनमें सढ़ौरा थाना क्षेत्र की एक पीड़िता का बयान सबसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सढ़ौरा क्षेत्र की रहने वाली विवाहित पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि सचिन उनके गांव में अपनी बहन के यहां आता था। उसने एक दिन चाय में नशा मिलाकर उसे पिलाया और उसकी गलत वीडियो बना ली। जिसे दिखाकर वह महिला को ब्लैकमेल करने लग गया।

# बहन की शादी से लौटना युवती को पड़ा महंगा बदमाशों ने लूटे सारे गहने, पूरे परिवार में मातम



**पूर्वी दिल्ली।** वेलकम इलाके में अपराधियों का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। एक युवती अपनी छोटी बहन की शादी समारोह स्थल से निकल रही थी। स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने युवती को धमकाकर उसके नौ तोले सोने के जेवर लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गए।आरोप है कि बदमाश पहले से ही समारोह स्थल के बाहर खड़े थे और युवती के जेवरों पर नजर गड़ाए हुए थे। पीड़िता के जेवर देखकर उन्होंने लूटपाट की। पीड़िता की शिकायत पर वेलकम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी में एक जगह बदमाश भागते हुए कैद हो गए हैं। आयशा अपने परिवार के साथ उत्तर प्रदेश के संभल में रहती हैं। उनका मायका वेलकम इलाके में है। उनकी छोटी बहन की शादी 26 अक्टूबर को थी। शादी समारोह वेलकम श्री राम मंदिर के पास सामुदायिक भवन में था। पीड़िता रात डेढ़ बजे समारोह स्थल से निकली थी। वह अपने चाचा के साथ घर जा रही थी, जो थोड़ा आगे चल रहे थे। उसी समय स्कूटी सवार तीन बदमाश आए और युवती को धमकाकर सोने के दो हार और एक चेन लूट ली।पीड़िता ने विरोध किया तो बदमाशों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। गले से जेवर छीनते समय महिला के गले पर चोट भी आई। शोर सुनकर पीड़िता के चाचा ने मुड़कर देखा तो बदमाश वहां से शाहदरा जीटी रोड की तरफ भाग गए।पीड़िता के परिजनों ने गाड़ियों से इलाके में बदमाशों की तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। महिला का दावा है कि जेवरों की कीमत फिलहाल नौ लाख रुपये है। पीड़िता और उसके परिवार ने पुलिस से बदमाशों को जल्द से जल्द पकड़ने की गुहार लगाई है।

# आरएसएस के कार्यक्रम में लिया था भाग, कर्नाटक में चार शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस



**बिदर 30 अक्टूबर।** कर्नाटक स्कूल शिक्षा विभाग ने यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन में भाग लेने वाले चार शिक्षकों को नोटिस जारी किया है। बिदर जिले के औराद के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने मंगलवार को नोटिस जारी किए। अपने नोटिस में बीईओ ने कहा, यह पाया गया है कि आपने सात अक्टूबर, 2025 और 13 अक्टूबर, 2025 को बिदर जिले के औराद (बी) तालुक में आयोजित संघ पथ संचलन में भाग लिया। इस संबंध में वीडियो और तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित की गई हैं। नोटिस में कहा गया, चूंकि आप एक सरकारी कर्मचारी हैं, आपको किसी भी राजनीतिक या धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति नहीं है। संघ पथ संचलन में भाग लेकर आपने सरकारी सेवा नियमों का उल्लंघन किया है। बीईओ ने उन्हें इस नोटिस को प्राप्त करने के तुरंत बाद एक लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने और व्यक्तिगत रूप से इस कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा। दलित सेना और बहुजन सेवा समिति के नेताओं ने शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई।

# टीएस सिंहदेव के टॉकीज में तालाबंदी, 33 साल बाद कलेक्टर पर जुर्माना, निरस्त हुआ था लाइसेंस



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ में सरगुजा राजपरिवार के स्वामित्व वाले अलखनंदा टॉकीज का लाइसेंस दुर्भावनापूर्ण तरीके से निरस्त करने के 33 साल पुराने बहुचर्चित मामले में बिलासपुर उच्च न्यायालय ने तत्कालीन कलेक्टर टीएस छतवाल को दोषी माना है। न्यायालय ने आदेश दिया है कि छतवाल राजपरिवार को ब्याज सहित 34,795 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान करें।यह मामला वर्ष 1992 का है, जब टीएस सिंहदेव द्वारा संचालित अलकनंदा टॉकीज का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया था। लाइसेंस निरस्ती की यह कार्रवाई उस राजनीतिक हलचल के बीच हुई थी, जब वाड्रफनगर के बिजाकुरा गांव में विशेष पिछड़ी जनजाति के रिबई पंडो और उसके परिवार के दो अन्य बच्चों की भूख से मौत की घटना ने तूल पकड़ा हुआ था।

राजपरिवार की सदस्य टीएस सिंहदेव की मां पूर्व मंत्री कांग्रेस नेत्री देवेंद्र कुमारी सिंहदेव ने मामले को लेकर तत्कालीन कलेक्टर के निलंबन की मांग की थी। आदिवासी परिवार की भूख से मौत के मामले ने इतना तूल पकड़ा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को अप्रैल 1992 में स्वयं वाड्रफनगर आकर स्थिति का जायजा लेना पड़ा था।सरगुजा राजपरिवार के अरुणेश्वर शरण सिंहदेव के भाई की स्वामित्व वाली अलकनंदा टाकीज को नियमानुसार दो मार्च को सिनेमा संचालन का लाइसेंस जारी किया गया था।

टाकीज का संचालन उनके बड़े भाई टीएस सिंहदेव कर रहे थे। इसी दौरान आदिवासी परिवार की भूख से मौत की घटना ने पूरे प्रदेश में हलचल मचा दी थी। मुद्दे को पूर्व मंत्री वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव ने उठाया था। उस समय प्रदेश में भाजपा के सुंदरलाल पटवा की सरकार थी। बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच 19 अप्रैल 1992 को तत्कालीन कलेक्टर टीएस छतवाल ने अलकनंदा टाकीज का लाइसेंस निरस्त करने के लिए नोटिस जारी किया। नोटिस का जवाब देने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल थी, लेकिन 24 अप्रैल को जबलपुर हाई कोर्ट ने सिंहदेव परिवार के पक्ष में स्थगन आदेश जारी कर दिया।

सिंहदेव के अधिवक्ता ने उसी दिन शपथपत्र सहित यह आदेश कलेक्टर को देने की कोशिश की परंतु कलेक्टर ने मिलने से इन्कार कर 24 अप्रैल की दोपहर अलकनंदा टाकीज का लाइसेंस निरस्त कर टाकीज का संचालन रोक दिया और 24 एवं 25 अप्रैल के चार शो नहीं चल सके। सिंहदेव ने आठ हजार रुपये की क्षति की जानकारी देते हुए क्षतिपूर्ति की मांग की। न्यायालय में आबकारी आयुक्त ने बताया कि उनके कार्यालय में अलकनंदा टाकीज के लाइसेंस निरस्तीकरण से संबंधित कोई फाइल उपलब्ध नहीं है। उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में तत्कालीन कलेक्टर टीएस छतवाल को दोषी पाते हुए ब्याज सहित 34,795 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि राजपरिवार को देने का आदेश दिया। यह राशि न्यायालय में जमा करा दी गई है।

# राहुल गांधी ने आत्महत्या करने वाली महिला डॉक्टर के स्वजन से की बात



**मुंबई, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के सातारा जिले में आत्महत्या करने वाली महिला चिकित्सक के स्वजन से बुधवार को फोन पर बात की।उन्होंने न्याय की उनकी लड़ाई में उन्हें सहयोग देने का आश्वासन दिया। महिला चिकित्सक के परिवार के सदस्यों ने न्याय की मांग करते हुए राहुल गांधी से मौत मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित कराने के लिए सरकार पर दबाव डालने की मांग की। उन्होंने कहा कि चिकित्सक की मौत हुए एक सप्ताह हो गया है। उन्हें डर है कि सुबूत मिटा दिए जाएंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के फोन से महिला के माता-पिता और भाई-बहनों से बात की। सपकाल बीड जिले के कवड़गांव गांव में उनसे मिलने गए थे।राहल ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह महिला चिकित्सक की मौत के मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित कराने के लिए सरकार पर दबाव डालेंगे। सातारा जिले के फलटण कस्बे के एक होटल के कमरे में 28 वर्षीय चिकित्सक 23 अक्टूबर की रात को फंदे से लटकी हुई पाई गई थी।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण फांसी के कारण दम घुटना बताया गया। इस आत्महत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए दो आरोपितों में से एक निलंबित पुलिस सब-इंस्पेक्टर गोपाल बदाने के एक रिश्तेदार ने उसके फोन को जांचकर्ताओं को सौंप दिया है। अब इसकी फारेंसिक जांच की जाएगी।

# स्टीम बाथ ले रहीं महिलाएं के साथ हो गया खेल! प्रबंधन की लापरवाही आरोप



**नोएडा, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

सेक्टर 150 स्थित टाटा यूरेका पार्क सोसायटी में स्टीम बाथ लेने गईं दो महिलाएं एक घंटे तक कमरे में फंसी रहीं। चीखने-चिल्लाने और दरवाजा खटखटाने के बावजूद प्रबंधन ने उनकी बात अनसुनी कर दी। महिलाओं ने फाल्स सीलिंग तोड़कर रॉड निकाली। उन्होंने 30 मिनट तक शीशा और ताला तोड़ने की कोशिश की। आखिरकार ताला टूट गया। इसके बाद दोनों बाहर निकलीं। सोसायटी निवासी पारुल चतुर्वेदी और तरुणा मंगलवार दोपहर 12.30 बजे क्लब हाउस में स्टीम बाथ लेने गई थीं। उनका 30 मिनट का स्लॉट था। उनका स्लॉट खत्म होने के बाद उन्होंने बाहर निकलने के लिए गेट खोलने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं खुला। उन्होंने शोर मचाया और दरवाजा पीटा, लेकिन कोई नहीं आया। बाहर निकलने के लिए वे ऊपर चढ़ीं और फाल्स सीलिंग खोली, जहां एक रॉड निकली। उन्होंने रॉड से स्टीम बाथरूम का शीशा तोड़ने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं टूटा। काफी देर तक दरवाजे का लॉक पीटने के बाद आखिरकार रॉड टूट गई।

इसके बाद वे बाहर निकल सकीं। वे लगभग एक घंटे तक स्टीम बाथरूम में रहे। पारुल ने बताया कि उसे उच्च रक्तचाप है। दोनों सहेलियाँ अवसाद से ग्रस्त हैं। उन्हें कमरे में घुटन महसूस हो रही थी। 30 मिनट का समय बीत जाने के बाद भी, प्रबंधन की ओर से कोई भी पूछताछ करने नहीं आया।मौके पर कोई कर्मचारी नहीं था। बाहर निकलने पर, रिसेप्शन पर भी कोई नहीं मिला। सोसाइटी में रखरखाव शुल्क 4.25 रुपये प्रति वर्ग फुट है, और अतिरिक्त शुल्क भी लिया जाता है। सुविधाएँ उच्च रखरखाव शुल्क के अनुरूप नहीं हैं। एक अंतरराष्ट्रीय कंपनी सोसाइटी में रखरखाव का काम संभाल रही है, फिर भी सुविधाओं का अभाव है।उनका पक्ष जानने के लिए, रखरखाव एजेंसी के हेल्प डेस्क पर कॉल किया गया। एक युवती से बात की गई। उसने कहा कि वह एक घंटे से भी कम समय में निकल जाएगी। बाद में, उसे आधिकारिक तौर पर सुरक्षा अधिकारी से बात करने के लिए कहा गया, लेकिन वह बातचीत तय नहीं हो सकी।

# बिहार विधानसभा चुनाव में गोपनीय तरीके से हुआ ये काम... जेल में कैदियों ने धड़ाधड़ छापे 69 हजार पोस्टल बैलेट





**भागलपुर, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी के बीच सात सहायक निर्वाची पदाधिकारियों और दो मजिस्ट्रेट की निगरानी में भागलपुर जेल के बंदियों ने 69 हजार पोस्टल बैलेट पेपर छाप डाले। ईवीएम मशीन पर होने वाली वोटिंग के अलावा पोस्टल बैलेट पेपर की छपाई को गोपनीय रखते हुए कड़ी सुरक्षा निगरानी में विशेष केंद्रीय कारा के अति-सुरक्षित प्रेस में दो शिफ्टों में पोस्टल बैलेट पेपर की छपाई कराई गई। इसके लिए सात अंचल अधिकारियों को जिलाधिकारी डा. नवल किशोर चौधरी ने सहायक निर्वाची पदाधिकारी बनाया था। जिला मत्स्य पदाधिकारी और खेल पदाधिकारी को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात कर उनकी निगरानी में जेल के अंदर मतपत्रों की छपाई कराई गई। सातों विधानसभा सीट भागलपुर नगर, गोपालपुर, बिहपुर, पीरपैंती, कहलगांव, सुल्तानगंज, नाथनगर विधानसभा सीट के लिए पोस्टल बैलेट पेपर की छपाई कराई गई है। जेल की प्रेस में काम करने वाले कुशल प्रशिक्षित बंदियों ने पोस्टल बैलेट पेपर की छपाई की है। पोस्टल बैलेट पेपर के छपाई का काम पूरा होते ही मजिस्ट्रेट की निगरानी में कड़ी सुरक्षा घेरे में उसे ट्रेजरी में जमा करा दिया गया है।बताया जा रहा है कि विशेष केंद्रीय कारा के प्रेस में 69 हजार पोस्टल बैलेट पेपर की छपाई का काम दो शिफ्ट में कराया गया। इसके लिए छह बजे सुबह से दो बजे दोपहर तक प्रथम पाली में छपाई का काम कराया गया। फिर दो बजे दोपहर से नौ बजे रात तक मतपत्रों की छपाई का काम कराया गया। इस दौरान सुरक्षा मानकों के अनुरूप जेल के प्रेस में काम करने वाले बंदियों को मतपत्रों की छपाई और उसे सील होने तक प्रेस के अंदर ही रखा गया था। जेल के प्रेस में तैनात किये गए मजिस्ट्रेट किसी को अंदर जाने पर रोक लगा दी थी।


जेल अधीक्षक या अन्य जेल के अन्य पदाधिकारी भी जेल प्रेस का रुख नहीं कर रहे थे।भागलपुर जिले की सात विधानसभा सीटों पर दूसरे चरण में 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इसी चुनाव के लिए पोस्टल बैलेट पेपर का इस्तेमाल कर वोट डालने वालों के लिए दो नवंबर तक की तिथि तय की गई है। यानी पोस्टल बैलेट पेपर के जरिए दो नवंबर तक वोट डाले जाएंगे।

# लुधियाना में तेजधार हथियारों से व्यक्ति की हत्या कर खेत में फेंका, शव की नहीं हो सकी पहचान



**लुधियाना।** कासाबाद-नूरवाला रोड पर बुधवार सुबह एक 35 वर्षीय व्यक्ति का खून से लथपथ शव मिला। शव पर शरीर और सिर के कई घाव के निशान पाए गए हैं, जिससे उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। थाना सलेमटाबरी के एसएचओ हर्षवीर सिंह ने बताया कि किसी राहगीर ने शव को देखकर पुलिस को सूचना दी।जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो उन्होंने देखा कि मृतक के चेहरे, सिर और शरीर पर घाव के निशान थे, जो तेजधार हथियार से होने का आभास देते हैं। पुलिस ने आसपास के गांवों में मृतक की फोटो दिखाकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने भी उसकी पहचान नहीं की।इस स्थिति में, पुलिस अब सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है, ताकि मृतक की पहचान की जा सके। इस मामले में थाना सलेमटाबरी की पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

# पियानो सीखने जा रहे हैं? इन 5 बातों का रखें खास ध्यान



पियानो एक लोकप्रिय संगीत का सामान है, जिसे सीखना किसी भी उम्र के व्यक्ति के लिए फायदेमंद हो सकता है। यह न केवल आपके संगीत ज्ञान को बढ़ाता है, बल्कि मानसिक शांति और सुकून भी प्रदान करता है। इस लेख में हम आपको कुछ जरूरी टिप्स देंगे, जिनसे आप पियानो सीखने की प्रक्रिया को आसान और मजेदार बना सकते हैं। सही तरीका अपनाकर आप जल्दी और बेहतर तरीके से पियानो बजाना सीख सकते हैं।

**नियमित अभ्यास करें**

पियानो सीखने के लिए रोजाना अभ्यास करना बहुत जरूरी है। रोजाना कम से कम आधा घंटा पियानो बजाने का समय निकालें। इससे आपकी उंगलियों की गति बढ़ेगी और सुर याद करने में मदद मिलेगी। शुरुआत में आसान गाने चुनें और धीरे-धीरे मुश्किल गानों की ओर बढ़ें। इसके अलावा सुर पढ़ने की प्रैक्टिस भी करें ताकि आप संगीत को बेहतर समझ सकें। नियमित अभ्यास से आपकी पियानो की स्किल्स में सुधार होगा और आप जल्दी माहिर बन सकेंगे।

**सही तरीके से बैठें**

पियानो बजाते समय सही तरीके से बैठना बहुत जरूरी है। आपकी पीठ सीधी होनी चाहिए और हाथों को कीबोर्ड पर आराम से रखें। उंगलियों को हल्का सा मोड़कर कीबोर्ड पर रखें ताकि आप आसानी से सभी सुर दबा सकें। पैरों को जमीन पर सीधा रखें और ज्यादा जोर न लगाएं। सही तरीके से बैठने से न केवल आप बेहतर तरीके से पियानो बजा पाएंगे, बल्कि लंबे समय तक खेलने पर कोई परेशानी भी नहीं होगी।

**धीरे-धीरे सीखें**

पियानो सीखते समय धैर्य रखना बहुत जरूरी होता है। शुरुआत में सभी सुर और कीबोर्ड के हिस्सों को समझने में थोड़ा समय लग सकता है, इसलिए जल्दीबाजी न करें। धीरे-धीरे हर हिस्से को अच्छी तरह से समझें और प्रैक्टिस करें। आसान गानों से शुरुआत करें ताकि आपकी नींव मजबूत हो सके। इसके बाद धीरे-धीरे मुश्किल गानों की ओर बढ़ें। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप पियानो को बेहतर तरीके से सीख पाएंगे।

**सुर पढ़ना सीखें**

पियानो बजाने के लिए सुर पढ़ना आना बहुत जरूरी है। शुरुआत में सुर कैसे पढ़े जाते हैं, इसकी प्रैक्टिस करें। इससे आपको गाने बजाने में आसानी होगी क्योंकि सभी गाने सुर पर ही आधारित होते हैं। अगर आपको सुर पढ़ने में मुश्किल हो रही हो तो किसी संगीत शिक्षक से मदद लें या आनलाइन ट्यूटोरियल देखें। धीरे-धीरे सुर पढ़ना सीखने पर आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप पियानो को बेहतर तरीके से सीख पाएंगे।

**संगीत की जानकारी बढ़ाएं**

संगीत की जानकारी बढ़ाना पियानो सीखने का एक अहम हिस्सा है। इससे आपको यह पता चलेगा कि अलग-अलग सुर कैसे मिलकर एक सुंदर धुन बनाते हैं। इसके अलावा जानकारी बढ़ने पर आप नए गाने खुद भी बना सकेंगे या मौजूदा गानों में बदलाव कर सकेंगे। संगीत की जानकारी से आपकी समझ बढ़ेगी और आप पियानो को बेहतर तरीके से सीख पाएंगे। इन पांच बातों का ध्यान रखकर आप आसानी से पियानो सीख सकते हैं।



## लहसुन को स्टोर करने का सही तरीका, लंबे समय तक रहेगा फ्रेश

कई बार सही तरीके से स्टोर न कर पाने की वजह से लहसुन जल्दी खराब हो जाता है या फिर यह पीला पड़ने लगता है। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं और लहसुन को लंबे समय तक स्टोर करके रखना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

हर भारतीय किचन में लहसुन का इस्तेमाल होता है और यह हमारे खाने का एक अहम हिस्सा होता है। लहसुन न सिर्फ खाने के स्वाद को दोगुना करता है, बल्कि यह सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद माना जाता है। लेकिन कई बार सही तरीके से स्टोर न कर पाने की वजह से लहसुन जल्दी खराब हो जाता है या फिर यह पीला पड़ने लगता है। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं और लहसुन को लंबे समय तक स्टोर करके रखना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ आसान उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप लहसुन को लंबे समय तक फ्रेश रख सकते हैं।

लहसुन को कभी भी नमी वाली जगह पर नहीं रखना चाहिए, वरना इसमें फफूंद लग सकती है। अगर आप लहसून को ऐसी जगह पर रखते हैं, जहां पर ज्यादा धूप आती है, तो भी यह खराब हो सकता है। इसलिए लहसुन को लंबे समय तक के लिए स्टोर करने के लिए आपको पेपर बैग या फिर किसी जालीदार थैली में किसी सूखी जगह पर इसको स्टोर करके रखना चाहिए।

## इंटरमिटेंट फास्टिंग सबके लिए नहीं है सही इन 5 लोगों को है इससे बचना चाहिए



आजकल कई लोग वजन कम करने के लिए इंटरमिटेंट फास्टिंग को अपना रहे हैं और यह तरीका वजन घटाने के साथ-साथ कई अन्य सेहत लाभ भी दे सकता है।

हालांकि, यह तरीका सभी के लिए सही नहीं होता है। कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिन्हें इंटरमिटेंट फास्टिंग नहीं करनी चाहिए।

**गर्भवती महिलाएं**

गर्भवती महिलाओं को इंटरमिटेंट फास्टिंग नहीं करनी चाहिए क्योंकि इस दौरान वे अपने बच्चे को सही पोषण नहीं दे पाती हैं। इससे गर्भवती महिलाओं को कमजोरी और चक्कर आने की समस्या हो सकती है।

इसके अलावा इससे बच्चे का विकास भी प्रभावित होता है। इसलिए गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार लेना चाहिए और डॉक्टर की सलाह के बिना किसी भी डाइट का पालन नहीं करना चाहिए। इससे उनकी और उनके बच्चे की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

**स्तनपान कराने वाली महिलाएं**

स्तनपान कराने वाली महिलाओं को भी इंटरमिटेंट फास्टिंग नहीं करनी चाहिए। इसके कारण दूध कम हो सकता है और बच्चे को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता है। इससे बच्चे की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। इसके अलावा इससे मां को भी कमजोरी महसूस हो सकती है।

इसलिए स्तनपान कराने वाली महिलाओं को संतुलित आहार लेना चाहिए और डॉक्टर की सलाह के बिना किसी भी डाइट का पालन नहीं करना चाहिए।

**मधुमेह के रोगी**

मधुमेह के रोगियों को भी इंटरमिटेंट फास्टिंग नहीं करनी चाहिए। इससे उनकी रक्त शर्करा का स्तर असंतुलित हो सकता है और उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

इसके अलावा इससे इंसुलिन का स्तर भी प्रभावित हो सकता है, जिससे मधुमेह की समस्या बढ़ सकती है। इसलिए मधुमेह के रोगियों को संतुलित आहार लेना चाहिए और डॉक्टर की सलाह के बिना किसी भी डाइट का पालन नहीं करना चाहिए।

**मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोग**

जिन लोगों को मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं जैसे कि तनाव या चिंता होती हैं, उन्हें भी इंटरमिटेंट फास्टिंग नहीं करनी चाहिए। इससे उनकी मानसिक स्थिति और खराब हो सकती है और उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

इसके अलावा इससे मूड में बदलाव और चिड़चिड़ापन भी बढ़ सकता है। इसलिए जिन लोगों को मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं हैं, उन्हें संतुलित आहार लेना चाहिए।

**पुरानी बीमारियों से ग्रस्त लोग**

जिन लोगों को पहले से कोई पुरानी बीमारी जैसे किडनी या हृदय रोग, उन्हें भी इंटरमिटेंट फास्टिंग नहीं करनी चाहिए। इससे उनकी बीमारी और गंभीर हो सकती है और उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

इसके अलावा इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर हो सकती है। इसलिए जिन लोगों को कोई पुरानी बीमारी है, उन्हें संतुलित आहार लेना चाहिए और डॉक्टर की सलाह के अनुसार डाइट का पालन करना चाहिए।

## मिर्जापुर द फिल्म में हुई सोनल चौहान की एंट्री, सोशल मीडिया पर शेयर कर दी जानकारी



गुरमीत सिंह द्वारा निर्देशित मिर्जापुर द फिल्म में एक और एक्ट्रेस की एंट्री हो गई है। जो पहले इस फिल्म की सीरीज में नजर नहीं आईं हैं। इस बात की जानकारी खुद एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर दी है। इसके साथ ही अभिनेत्री ने फिल्म निर्देशक का शुक्रिया भी अदा किया है।

सोनल चौहान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कई तस्वीरें शेयर कीं। इसके साथ ही सोनल ने कैप्शन में लिखा, ऊं नमः शिवाय। यकीन नहीं हो रहा है। इतने अविश्वसनीय और बदलावकारी सफर का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हो रही है। मैं मिर्जापुर:द फिल्म में शामिल होने के लिए बेहद उत्साहित हूं और मैं बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि आप सभी यह देखें कि हम पर्दे पर क्या दिखाने वाले हैं।

मुझे मिर्जापुर की दुनिया में लाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं इस प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं।

मिर्जापुर द फिल्म में फैंस के सभी पसंदीदा किरदार नजर आएंगे। जिसमें दमदार कालीन भैया (पंकज त्रिपाठी), महत्वाकांक्षी गुड्डू पंडित (अली फजल) और दिलेर मुाा त्रिपाठी (दिव्येंदु) शामिल हैं। इस फिल्म में अभिषेक बनर्जी भी वापस आ रहे हैं, जो रहस्यमयी कंपाउंडर का अपना किरदार निभाएंगे। अब इस फिल्म में सोनल चौहान का नाम भी शामिल हो गया है। यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है।

# रोजाना 10 से 15 मिनट डांस करने से मिल सकते हैं ये 5 फायदे

डांस करना एक बेहतरीन एक्सरसाइज है, जो न केवल शरीर को फिट रखता है, बल्कि मन को भी खुश रखता है। यह एक ऐसा तरीका है, जिससे आप बिना किसी दबाव के अपने शरीर को एक्टिव रख सकते हैं। रोजाना 10 से 15 मिनट का डांस करना आपके जीवन में कई सकारात्मक बदलाव ला सकता है। आइए जानते हैं कि डांस करने से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

**दिल की सेहत को बेहतर बनाएं**

डांस करते समय हमारा दिल तेजी से धड़कता है, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। नियमित डांस करने से खून का बहाव बेहतर होता है और ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। इसके अलावा यह शरीर में चर्बी के स्तर को भी कम करता है, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा और कम हो जाता है। इसलिए रोजाना थोड़ी देर डांस करना दिल के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है।

**वजन घटाने में है सहायक**

डांस करना कैलोरी बर्न करने का एक मजेदार तरीका हो सकता है। किसी भी डांस स्टाइल को अपनाकर आप आसानी से अपनी दिनचर्या में इसे शामिल कर सकते हैं। यह पेट की अतिरिक्त चर्बी घटाने, मांसपेशियों को मजबूत करने और शरीर को टोन करने में मदद करता है। इसके अलावा यह पाचन क्रिया को भी तेज करता है, जिससे वजन घटाने की प्रक्रिया तेज होती है। नियमित डांस करने से आप फिट और स्वस्थ रह सकते हैं।

**मांसपेशियों को दें मजबूती**

डांस करते समय हमारे शरीर की कई



मांसपेशियां सक्रिय रहती हैं, जिससे उन्हें ताकत मिलती है। नियमित रूप से अलग-अलग प्रकार के डांस करने से शरीर की सभी मांसपेशियों को व्यायाम मिलता है और वे मजबूत होती हैं। इसके अलावा डांस करने से लचीलापन भी बढ़ता है, जिससे चोट लगने का खतरा कम होता है। इस प्रकार डांस करना एक बेहतरीन तरीका हो सकता है, जिससे आप अपनी मांसपेशियों को मजबूत और स्वस्थ रख सकते हैं।

**तनाव और चिंता से पाएं राहत**

डांस करना एक ऐसा तरीका हो सकता है, जिससे आप अपने मनोबल को ऊंचा रख सकते हैं। जब आप किसी गाने पर थिरकते हैं तो आपका मन खुश रहता है और आप अपनी सारी चिंताओं को भूल जाते हैं। इससे आपका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है और आप अधिक सकारात्मक महसूस करते हैं। इसके अलावा डांस करने से तनाव कम होता है और मनोबल बढ़ता है, जिससे आप जीवन की चुनौतियों का सामना आसानी से कर सकते हैं।

**हड्डियों को बनाएं मजबूत**

डांस करते समय हमारी हड्डियों पर हल्का दबाव पड़ता है, जिससे वे मजबूत होती हैं। नियमित रूप से डांस करने से हड्डियों की कमजोरियों का खतरा कम होता है। इसके अलावा यह हड्डियों के घनत्व को भी बढ़ाता है, जिससे वे अधिक मजबूत बनती हैं। इस प्रकार डांस करना एक बेहतरीन तरीका हो सकता है, जिससे आप अपनी हड्डियों को स्वस्थ और मजबूत रख सकते हैं। इसलिए नियमित रूप से थोड़ी देर डांस करना फायदेमंद हो सकता है।

## पलकों को तेजी से बढ़ाने में मदद कर सकते हैं ये तेल, ऐसे करें इस्तेमाल

लंबी और घनी पलकों से आंखों का लुक निखरता है, लेकिन हर किसी की पलकें स्वाभाविक रूप से घनी नहीं होती हैं। ऐसे में लोग अपनी पलकों की देखभाल के लिए कई उत्पादों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन वे असरदार नहीं होते हैं।



**नारियल का तेल**

नारियल का तेल विटामिन-श्व और फैटी एसिड से भरपूर होता है, जो पलकों को पोषण देने में मदद कर सकते हैं।इसके लिए रात को सोने से पहले एक साफ ब्रश की मदद से अपनी पलकों पर नारियल का तेल लगाएं और सुबह उठकर उन्हें साफ कर लें। इससे आपकी पलकें मजबूत और स्वस्थ रहेंगी और जल्दी बढ़ेंगी।इसके अलावा आप चाहें तो अपनी त्वचा की देखभाल में भी इसे शामिल कर सकते हैं।

**अरंडी का तेल**-अरंडी का तेल भी पलकों को बढ़ाने में मदद कर सकता है।इसमें मौजूद प्रोटीन और खनिज आपकी पलकों को मजबूत बनाते हैं और उन्हें घना करने में मदद करते हैं।इसके लिए रात को सोने से पहले एक साफ ब्रश की मदद से अपनी पलकों पर अरंडी का तेल लगाएं और सुबह उठकर उन्हें साफ कर लें। इससे आपकी पलकें स्वस्थ रहेंगी और जल्दी बढ़ेंगी।

**बादाम का तेल**-बादाम का तेल विटामिन-ए, विटामिन-बी और विटामिन-ई से भरपूर होता है, जो आपकी पलकों को पोषण देते हैं और उन्हें घना बनाने में मदद करते हैं।इसके लिए रात को सोने से पहले एक साफ ब्रश की मदद से अपनी पलकों पर बादाम का तेल लगाएं और सुबह उठकर उन्हें साफ कर लें। इससे आपकी पलकें मजबूत और स्वस्थ रहेंगी। इसके अलावा आप चाहें तो इसे अपनी त्वचा की देखभाल में भी शामिल कर सकते हैं।

## मर्लिन मुनरो के स्टाइल को कापी करती नजर आई नेहा मलिक



नेहा मलिक भोजपुरी इंडस्ट्री की टाप अभिनेत्री में से एक हैं। उन्होंने अपनी बोल्डनेस और हाटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इस नए लुक में व्हाइट रंग की पोल्का डाट शार्ट ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। इस नए लूक में नेहा मलिक ने कई सिजलिंग पोज दिए। नेहा का यह लूक उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा हैं। नेहा मलिक ने अपनी इस शानदार तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा-आज मैं बहुत खुश हूं। भोजपुरी इंडस्ट्री की हाट एंड बोल्ड क्वीन नेहा मलिक आए दिन अपनी ड्रेसिंग सेंस से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। बता दें कि एक्ट्रेस नेहा मलिक जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी फोटोज पर लाइक्स और कामेंट्स के जरिए अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फालोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## शब्द सामर्थ्य -212


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सवेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 211 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | वं | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# पूर्व मंत्री और विधायक भैया लाल राजवाड़े की अनदेखी से कार्यकर्ताओं में नाराजगी

## भाजपा सरकार के प्रति बढ़ा असंतोष



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र से तीन बार के विधायक एवं प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री भैया लाल राजवाड़े लंबे समय से जनता के बीच अपनी लोकप्रियता और विकास कार्यों के लिए जाने जाते हैं। लेकिन हाल के दिनों में जिले में आयोजित हो रहे सरकारी और सार्वजनिक कार्यक्रमों में उन्हें स्थान न दिए जाने को लेकर जिलेभर में भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच गहरी नाराजगी देखी जा रही है।

जानकारी के अनुसार, कोरिया जिले में जब-जब सरकारी या सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, उनमें स्थानीय विधायक और वरिष्ठ नेता भैया लाल राजवाड़े को स्थान नहीं दिया जाना। इसके विपरीत, अन्य जिलों के नेताओं को मंच पर प्रमुख स्थान दिया जा रहा है, जिससे स्थानीय कार्यकर्ताओं में असंतोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यह न केवल एक वरिष्ठ नेता का अपमान है, बल्कि पूरे कोरिया जिले की जनता का भी अनादर है।

भैया लाल राजवाड़े ने अपने कार्यकाल के दौरान बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई से जुड़े कई महत्वपूर्ण विकास कार्य करवाए थे। वे जनता के बीच लगातार सक्रिय रहे हैं और पार्टी संगठन में भी लंबे समय तक महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। ऐसे में, उन्हें कार्यक्रमों से दूर रखना स्थानीय स्तर पर राजनीतिक भेदभाव के रूप में देखा जा रहा है।

स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस तरह की नीति से न केवल पार्टी की छवि खराब हो रही है, बल्कि इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल भी गिर रहा है। एक कार्यकर्ता ने कहा, जब अपने ही विधायक और वरिष्ठ नेता को मंच से दूर रखा जाएगा, तो आम कार्यकर्ता अपने सम्मान की उम्मीद कैसे रखेगा?

भाजपा समर्थकों का मानना है कि यदि यह स्थिति जारी रही तो आने वाले समय में कोरिया जिले में भाजपा के प्रति लोगों का मोहभंग होना स्वाभाविक है। जनता और कार्यकर्ता दोनों ही इस बात से आहत हैं कि स्थानीय प्रतिनिधि को महत्व न देकर बाहरी नेताओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इस प्रकार की अनदेखी और आंतरिक असंतोष पार्टी के लिए भविष्य में नुकसानदायक साबित हो सकता है। कोरिया जिला हमेशा से भाजपा का मजबूत गढ़ रहा है, लेकिन स्थानीय नेताओं की उपेक्षा से यह स्थिति बदल सकती है।

फिलहाल, जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं की यही मांग है कि भैया लाल राजवाड़े जैसे अनुभवी और लोकप्रिय नेता को सम्मानपूर्वक मंच और निर्णयों में स्थान दिया जाए, ताकि संगठन की एकजुटता बनी रहे और जिले में पार्टी का जनाधार कमजोर न हो।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से कोरिया जिले में 17 हजार से अधिक परिवारों को मिला पक्का आशियाना

### 17 करोड़ ईंट, 17 लाख सीमेंट बोरी, 2 लाख ट्राली रेती से तैयार हुआ पीएम आवास

### छांव और सुकून के साथ बदल रही है जीवनशैली



***कोरिया बैकुंठपुर।*** कोरिया जिले के पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ तेजी से दिया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप अब 17 हजार 142 परिवारों को पक्का और सुरक्षित आशियाना मिल चुका है। पक्के मकान मिलने से ग्रामीण परिवार अब छांव और सुरक्षा के साथ सुकून भरा जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

जिले को अब तक इस योजना के तहत 29 हजार 509 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ, जिनमें से 26 हजार 832 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। आवास निर्माण हेतु प्रत्येक हितग्राही को 1.20 से 1.30 लाख रुपये की सहायता राशि सीधे डी.बी.टी. के माध्यम से प्रदान की जा रही है। आज की स्थिति तक करीब 243 करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित किए जा चुके हैं।

मजदूरी भुगतान से ग्रामीणों को रोजगार,

आवास निर्माण में 95/90 दिवस का मजदूरी भुगतान मनरेगा के तहत किया जाता है। इस मद में अब तक 30 करोड़ रुपये डी.बी.टी. के माध्यम से मजदूरों को भुगतान किए गए, जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध हुआ।

निर्माण से स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा,

अब तक पूर्ण किए गए 17 हजार 142 आवासों के निर्माण में लगभग 17 करोड़ ईंट, 17 लाख बोरी सीमेंट, 2 लाख ट्रॉली रेत, 1.5 लाख ट्रॉली गिट्टी और 1 करोड़ किलोग्राम सरिया का उपयोग किया गया।

इस सामग्री की बिक्री एवं ढुलाई के माध्यम से ग्रामीण उद्यमियों, मजदूरों और निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिला, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई और जीवन स्तर सुधरा।

**राज मिस्त्री प्रशिक्षण से कौशल विकास,**

जिले में कुल 880 प्रशिक्षार्थियों को 45 दिवस का राज मिस्त्री प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इससे न केवल कौशल विकास हुआ, बल्कि प्रशिक्षित श्रमिकों की आय में भी महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई।

पहाड़ी और वन क्षेत्रों में सुरक्षा का मजबूत आधार, कोरिया जिला पहाड़ी एवं सघन वनों से घिरा क्षेत्र है, जहाँ अधिक वर्षा, अधिक ठंड और वन्य पशुओं का खतरा भी बना होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले पक्के घरों से 17 हजार 142 परिवार अब प्राकृतिक विपदाओं से सुरक्षित हैं और अपने परिवार के साथ खुशहाल, गरिमापूर्ण और सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं।

# भारतीय पनिका समाज जिला इकाई का शपथ ग्रहण एवं समान समारोह भव्यता से संपन्न



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में पहली बार भारतीय पनिका समाज जिला इकाई का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह मानस भवन में बड़े ही धूमधाम और गरिमा में वातावरण में संपन्न हुआ । इस अवसर पर जिलेभर से भारतीय पनिका समाज के हजारों महिला पुरुष एवं युवा सदस्य उपस्थित रहे । सम्मान समारोह में सामाजिक एकता शिक्षा खेल एवं संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज जनों को सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम की शुरुआत कुमार साहब चौक बैकुंठपुर से करमा नृत्य दल और गाजे बाजे के साथ निकाली गई विशाल रैली से शुरुआत हुई,जिसमें पनिका समाज एकता जिंदाबाद के नारे गुजते रहेद्य रैली मानस भवन पहुंचने के बाद मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद दयाल पनिका की प्रतिमा पर पुष्पाजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया गया द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता समय लाल सोनवानी ने की,जबकि माइक संचालन संजय चिकनजूरी के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संभागीय अध्यक्ष रामधन देवांगन,सूरजपुर जिले के अध्यक्ष शिव शंकर गोयन,बलरामपुर से सुंदरलाल राही,तथा एम सीबी मनेद्रगढ़द्व चिरमिरीद्व भरतपुर से आए हेमलाल पनिका,श्याम लालपुरी,रवि गोयन,बच्चा लाल,राम प्रकाश और गेंद लाल सहित अनेक विशेष अतिथियों का समाज जनों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुश्री ममता ताजे के द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुआ द्य इसके बाद सुमन एवं उनकी टीम ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को उत्साह पूर्ण बना दिया द्य कार्यक्रम में पनिका समाज की जिला समिति,महिला समिति,ब्लॉक और युवा समिति,और ग्राम इकाई समितियो के पदाधिकारीयो का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ,जिसमें संभागीय अध्यक्षों एवं अन्य जिलों से आए पदाधिकारीयो ने उन्हें शपथ दिलाई।

इसके साथ ही समाज के जनप्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया,जिसमें जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 16 बर्दिया कामिनी मनोज जाता,शिवपुर चर्चा पार्षद संजय देवांगन,बैकुंठपुर नगरपालिका पार्षद ममता पन्नालाल गोयन,चंद्रप्रकाश मानिकपुरी उप सरपंच जूना पारा,पति राम सोनवानी पूर्व सरपंच,महेश सोनवानी पांच बर्दिया,दिनेश धवरिया पंच महुआ पारा खरवट,दीपा टांडिया पंच,धर्मेंद्र कोराम पंच,शामिल थे

सम्मान समारोह की सफलता में जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष उमाशंकर उर्फ बंटी,महिला समिति अध्यक्ष बबीता ग्वाले सहित सभी कार्यकर्ताओं और युवा पदाधिकारीयो का विशेष योगदान सराहनीय रहा ।

कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष राजाराम जाता ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित समाज जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज को साक्षरता एवं एकता और प्रगति के मार्ग पर और अग्रसर होने का संदेश दिया द्य पूरे सम्मान समारोह ने पनिका समाज की एकजुटता और जागरूकता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विजेंद्र मानिकपुरी के मार्गदर्शन में समाज के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दिद्य सिंगर सुनील मानिकपुरी,ममता ताजे, पूजा राज टांडिया,सुमित देवांगन, मृत्यु जय पुरी और दिनेशपुरी के गीत संगीत ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए द्य वही लक्ष्मी एवं ग्रुप के शानदार नृत्य ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान समाज के राष्ट्रीय खिलाड़ियों 10वीं,12वीं स्नातक एवं स्नातककोतर में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा 2024 एवं 25 में शासकीय पदों पर नियुक्त समाज के सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया द्य सम्मानित होने वालों में डॉक्टर अंजली मानिकपुरी आयुष चिकित्सा अधिकारी बैकुंठपुर,प्रीति पड़वार बयाख्यता लखनपुर,अमृता गोयन कंप्यूटर शिशिका बैकुंठपुर,रिया ग्वाले वकील बैकुंठपुर,और दिया बघेल सहित हजारों की संख्या में समाज की प्रमुख थी।

## पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल होंगे मुख्य अतिथि



**कोरिया बैकुंठपुर।** राज्य स्थापना दिवस-2025 के अवसर पर जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में।आयोजित होने वाले राज्योत्सव कार्यक्रम की तैयारियाँ तेजी से किया जा रहा है।

राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार इस वर्ष के राज्योत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल होंगे। शासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम 2 नवम्बर से 4 नवम्बर 2025 तक तीन दिनों तक चलेगा। राज्योत्सव के दौरान सांस्कृतिक।कार्यक्रमों, पारंपरिक लोककला एवं नृत्य प्रस्तुतियों, स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी-सह-विक्रय, महिला स्व सहायता समूहों के स्टॉल तथा शासकीय योजनाओं की जानकारी से संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी।

जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यक्रम की व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति एवं विकास यात्रा का उत्सव मनाएँ।

## बाजार से ग्रामीण की बाइक लेकर चोर फरार, केस दर्ज

**अंबिकापुर।** जिले के दरिमा थाना क्षेत्र के बेलखरिखा बाजार से एक ग्रामीण की बाइक चोरी हो गई। ग्राम केवरी लखनपुर निवासी शैलेंद्र कुमार यादव 26 अक्टूबर की रात में बेलखरिखा बाजार आर्केस्टा देखने गया था। सड़क किनारे बाइक खड़ी कर कार्यक्रम देखने लगा। इसी दौरान बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दुकान और घर से तार बर्तन लेकर चोर फरार

**मनेंद्रगढ़।** जिले के झगराखंड थानांतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदेली के प्राचार्य ने झगराखंड पुलिस थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राचार्य अयूब लाल ने बताया कि 28 अक्टूबर को दीपावली अवकाश के बाद विद्यालय खोलने पर पता चला कि 4 सीसी कैमरे और 6 एलईडी बल्ब कोई चुरा ले गया है। फुटेज देखने पर चोरी की घटना 26 अक्टूबर रात 7.38 से 11 बजे के बीच हुई है। इस दौरान आरोपी पूरे विद्यालय में भ्रमण करता दिखाई दे रहा है और एक-एक कर सीसी कैमरे का कनेक्शन काट रहा है। अंबिकापुर7 शहर के ब्रह्म रोड स्थित एक दुकान और मकान में चोरी हो गई। मकान में कोई नहीं था। बताया गया है कि ब्रह्म रोड निवासी अश्वनी कुमार दुबे का मेन रोड में मकान है। सामने के हिस्से में वे किराए में दुकान दिए हैं। पीछे वाले घर में अभी कुछ माह से ताला बंद है। इसी बीच किराए की एक दुकान में रोशनदान से घुसकर चोरों ने वहां रखे तांबे के तार और मकान से बर्तन चोरी कर बदमाश फरार हो गए। किराएदार दुकान बुधवार सुबह दुकान पहुंचा तो उसे चोरी के बारे में पता चला।

# कोरिया में 25 वर्षों में स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ी, लोगों को लाभ

### अब तक 2 लाख 67 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बने




**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और गुणवत्तापूर्ण उपचार सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पिछले 25 वर्षों में निरंतर और ऐतिहासिक प्रगति दर्ज की गई है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार वर्ष 2000 से लेकर 2025 के बीच अनेक उपलब्धियां हासिल की गई है। उप स्वास्थ्य केंद्र 82 से बढ़कर 89, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 8 से बढ़कर 11 तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 2 से बढ़कर 4 एवं जिला अस्पताल 100 बिस्तर क्षमता से बढ़कर 200 बिस्तर वाला अस्पताल संचालित हो रहा है।

जिले में मातृ एवं शिशु अस्पताल, फर्स्ट रेफरल यूनिट, हमर लैब, एनआरसी, वायरोलॉजी लैब, डायलिसिस, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी, ईको मशीन एवं ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई है। राज्य का पहला वयोवृद्ध हेल्थ चेकअप सेंटर भी कोरिया जिले में संचालित हो रहा है। जिले में वर्तमान में 55 चिकित्सक, 11 विशेषज्ञ, 97 नर्सिंग स्टाफ, 16 लैब टेक्नीशियन, 93 एएनएम, 78 एमपीडब्ल्यू, कुल 10 एम्बुलेंस और 07 मुक्तांजलि वाहन उपलब्ध हैं।

**जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ,**

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अब तक 2,67,244 कार्ड, तथा आयुष्मान वय वंदना योजना के 7,177 कार्ड बनाए जा चुके हैं।

**आयुष विभाग ने भी की उपलब्धियाँ हासिल,**

वर्ष 2000 में जिले में केवल 05 आयुर्वेद औषधालय थीं जो बढ़कर 7 हो गई। पहले 05 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी और 02 फार्मासिस्ट नियुक्त थे जबकि अब 07 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी और 07 फार्मासिस्ट कार्यरत हैं। सभी औषधालय नवीन भवनों में संचालित हो रहे हैं। जिला अस्पताल बैकुंठपुर में आयुष विंग संचालित है, जहाँ आयुर्वेद एवं पंचकर्म उपचार स्नेहन, स्वेदन, कटिबस्ति, जानुबस्ति, अभ्यंग तथा शिरोधारा आदि विधियों के माध्यम से किए जा रहे हैं। वर्तमान में जिले में आयुर्वेद के 07, होम्योपैथी के 04 तथा यूनानी के 02 आयुष केन्द्र संचालित हैं। इन केंद्रों से अब-तक 8 लाख 88 हजार से अधिक रोगी लाभान्वित हो चुके हैं। जिले के 07 आयुर्वेद औषधालयों में से 05 को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में विकसित किया गया है। वहीं मोबाइल मेडिकल यूनिट (आयुष) के संचालन से ग्रामीण मरीजों का लाभ होने लगा है।

## पथर्रा में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ

**राजिम।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन एवं गायत्री शक्तिपीठ राजिम के तत्वावधान में 2 गर्भवती माता धर्मीन डोमेश्वर साहू एवं तुलसी गौतम साहू का आंगनबाड़ी केंद्र में पुंसवन संस्कार एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम मां भगवती महिला मण्डल राजिम की बहनों ने गायत्री महामंत्र का उच्चारण कर सुमधुर स्वर में प्रज्ञा गीत की प्रस्तुति दी। पुंसवन संस्कार के महत्व को बताते हुए महिला प्रकोष्ठ के ब्लाक समन्वयक हेमलता साहू ने बताया कि अपनी आने वाली संतान को श्रेष्ठ प्रखर तेजस्वी बुद्धिमान बनाना हो तो उसकी शिक्षा-दीक्षा गर्भ से ही प्रारंभ कर देनी चाहिए तथा इस समय गर्भवती माता अपना खानपान , आचार - व्यवहार रहन - सहन को व्यवस्थित कर आने वाली संतान को भगवान का अंश मानकर उसके निर्माण में लग जाना चाहिए।

## देवरी में तीन दिवसीय गौरा-गौरी पूजा

**देवरी।** देवरी-सारागांव ग्राम पंचायत देवरी के भाटापारा मोहल्ला में परंपरागत हर्षोल्लास के साथ तीन दिवसीय गौरा-गौरी पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 28 से प्रारंभ होकर आज 30 अक्टूबर तक चलेगा। पहले दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से फूलकूचाई कर गौरा-गौरी की स्थापना की गई।

दूसरे दिन 29 अक्टूबर की रात्रि 8 बजे भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर नृत्य, गीत और ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ उत्सव का आनंद लिया। गांव के युवक-युवतियों और महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर बारात का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंतिम दिनआज 30 अक्टूबर को गौरा-गौरी की प्रतिमाओं का गांव में भ्रमण कराया गया।

## दहेज मांगा, गर्भपात कराया, टोनही कह शादी के 49 दिन बाद तहसीलदार ने घर से निकाला

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर सरगुजा जिले के सीतापुर की रहने वाली महिला ने जगदलपुर तहसीलदार राहुल गुप्ता पर दहेज प्रताड़ना और जबरन गर्भपात कराने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता रेनू गुप्ता ने बताया कि उसने इस संबंध में पहले भी एसपी सरगुजा से शिकायत कर केस दर्ज करने की मांग की थी, पर अब तक सुनवाई नहीं हुई। रेनू गुप्ता की शादी वर्ष 2022 में तहसीलदार राहुल गुप्ता से हुई थी। शादी के बाद सिर्फ 49 दिन तक ही उसे ससुराल में रखा गया। इसके बाद पति और ससुराल पक्ष ने एक लाखों रुपए दहेज की मांग और टोनही कहकर उसे घर से निकाल दिया।

पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद न सिर्फ उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया, बल्कि जब वह गर्भवती हुई तो जबरन गर्भपात भी कराया। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना की ओर से तहसीलदार को काउंसिलिंग के लिए नोटिस जारी किया था, पर वह उपस्थित नहीं हुए। न्याय की आस में रेनू बुधवार को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पहुंच गई, जहां उसने मंच तक पहुंचकर अपनी बात रखने की कोशिश की। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने उसे समझा-बुझाकर वापस भेज दिया। रेनू ने कहा कि वह लंबे समय से न्याय के लिए भटक रही है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उसने मुख्यमंत्री और पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि तहसीलदार राहुल गुप्ता के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए।

## मोंथा तूफान का असर, बारिश से धान कटाई रुकी

**उदयपुर।** उदयपुर में बीते तीन दिनों से चक्रवाती तूफान मोंथा का असर जारी है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। जिले के ग्रामीण इलाकों में अधिकांश किसान धान की कटाई के लिए तैयार हैं, लेकिन बेमौसम बारिश और तेज हवाओं के चलते फसल के नुकसान का डर बढ़ गया है। कई किसानों के खेतों में धान कटकर पड़ा है और लगातार बारिश से इसकी गुणवत्ता खराब होने का खतरा है। किसानों का कहना है कि यदि धान खेत में भीग गया तो उन्हें केसीसी ऋण से लिए गए खाद, बीज और नकद राशि की वापसी में कठिनाई हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार तूफान का असर अगले कुछ दिनों तक बना रह सकता है, जिससे क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी और बढ़ सकती है। किसान बारिश और तेज हवा के बीच धान की कटाई पूरी करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन लगातार बदलते मौसम ने उनकी चिंता को और बढ़ा दिया है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 7 फरवरी 2026 तक



**कोरिया बैकुंठपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 के लिए मतदाता सूची के वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियाँ निर्धारित कर दी गई हैं। इसके तहत प्रिंटिंग एवं प्रशिक्षण कार्य 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2025 तक तथा 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक घर-घर सर्वेक्षण एवं सूचीकरण कार्य किया जाएगा। इसके पश्चात 9 दिसंबर 2025 को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

मसौदा सूची पर दावे एवं आपत्तियाँ 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक प्राप्त की जाएंगी। इनका परीक्षण, नोटिस, सुनवाई एवं सत्यापन कार्य 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को होगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय ने बताया कि ऐसे नागरिक जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो रही है, वे अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु निर्धारित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नाम जोड़ने, सुधार या विलोपन के लिए संबंधित बी.एल.ओ., मतदान केन्द्र या निर्वाचन कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। सुविधा हेतु आवेदन www.nvsp.in एवं Voter Helpline App पर ऑनलाइन भी उपलब्ध हैं।

नगरीय क्षेत्र में मतदाता सूचीकरण के लिए नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर में 14 मतदान केन्द्र, नगर पालिका शिवपुर- चरचा में 15 मतदान केन्द्र, नगर पंचायत पटना में 5 मतदान केन्द्र बनाएं गए हैं। साथ ही आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त बी.एल.ओ. नियुक्त किए जाएंगे।

मतदाता सुविधा हेतु हेल्पलाइन सक्रिय हैं जिले में 1950 कॉल सेंटर सक्रिय है, इसके अतिरिक्त संपर्क नंबर 07836-232888, 07836-232555 'बुक-ए- काल' सुविधा के माध्यम से मतदाता सीधे बी.एल.ओ. से संवाद कर सकेंगे।

राजनीतिक दलों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसाईआर) की जानकारी,

आज कलेक्टरेट सभा कक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसाईआर) के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। एसआईआर कार्यक्रम के तहत 2003 की मतदाता सूची में नाम न होने पर पहचान का प्रमाण प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। बी.एल.ओ. घर-घर जाकर प्रपत्र वितरित करेंगे।बी.एल.ओ. एवं बी.एल.ए. को इसके लिए प्रशिक्षण पूर्व में प्रदान किया जा चुका है।

सभी नागरिक अपने नाम की पुष्टि करें तथा पात्र होने पर अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया अधिक मजबूत हो।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अपनी जमीन से उजड़ने का दर्द, जिले के भूविस्थापित कई मुद्दों पर आरपार की लड़ाई लड़ने के मूड में

### काफी लंबे समय से अटके हुए हैं मामले

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की कोयला खदानों के विस्तार के चक्कर में अपनी ही जमीन से बेदखल किए जा रहे भूविस्थापित आर पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर है। उन्होंने जल्द ही इस दिशा में बड़ा एक्शन लेने की रणनीति बनाई है। कहा जा रहा है कि पूरे मामले में प्रबंधन ठीक तरह से अपनी भूमिका नहीं निभा रहा है।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के लिए सर्वाधिक कोयला का उत्पादन कोरबा जिले की खदानों से किया जा रहा है। इसके साथ ही खदानों के मौजूदा क्षेत्रफल में बढ़ोतरी करने के लिए न केवल प्लानिंग की गई है बल्कि इसके क्रियान्वयन को भी शुरू किया जा रहा है। सैक्रो हेक्टेयर जमीन को इस सिलसिले में अर्जित करना है। बीते वर्षों



में कई गांव के नाम समाप्त हो गए और कई नाम प्रस्तावित है। भू स्थापित की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और उनकी समस्याएं जस की तस बनी हुई है। कोरबा जिले के कोरबा, कुसमुंडा, दीपिका विस्तार और गेवरा क्षेत्र में कोयला का विशाल भंडार होने से इसका विदोहन भी करना है। समय के साथ-साथ विस्थापन से संबंधित समस्याएं बढ़ती जा रही है। इसके निराकरण के लिए दावे जरूर हो रहे हैं लेकिन काम नगण्य है। और यही सब कारण है कि आए दिन खदानों के अलावा एसईसीएल के कार्यालय के सामने लोगों के प्रदर्शन हो रहे हैं। उनका कहना है कि जब जमीन ले रहे हो तो नौकरी तो देना होगा। हाल में ही सुप्रीम कोर्ट के द्वारा ऐसे ही एक मामले को लेकर लगाई गई याचिका को खारिज कर दिया गया और एक तरह से प्रभावितों को रोजगार देने का विकल्प दिया गया है। दूसरी समस्याएं अभी भी जमीन पर बनी है। अलग-अलग नाम से कोरबा जिले में भूविस्थापित के लिए राजनीति करने वाले संगठनों ने तय किया है कि जिस प्रकार का रवैया बना हुआ है उससे बहुत कुछ हासिल नहीं होने वाला है इसलिए हम जल्द ही कार्य योजना बनाकर बड़ा आंदोलन तो कर ही सकते हैं।

### बसाहट के लिए तैयारी

दूसरी और जटराज विस्थापित गांव के लिए साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने नई जगह पर बसाहट देना स्वीकार किया है। इसके लिए सर्वमंगला मंदिर से आगे कुदुरमाल जाने वाले मुख्य मार्ग पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। पुराने अब डंपिंग के पास के इलाके को ठीक किया जा रहा है। आसपास में बड़ी तेजी से मशीन चल रही है ताकि क्षेत्र का समतलीकरण करने करने के साथ बुनियादी कार्यों को शुरू कराया जा सके

## गौवंश पर डाक टिकटों की प्रदर्शनी, मिली जानकारी



**कोरबा।** शहर के अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में गौवंश पर जारी डाक टिकटों की प्रदर्शनी लगाई गई। आज सुबह एनसीसी के एम्बेस्डर विद्यार्थी ने इसका शुभारंभ किया। टिकटों का संग्रहण करने वाले राजनांदगांव के शेषकरण जैन व शिक्षण समिति के पदाधिकारी इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज झा सहित प्राध्यापकों और छात्रों की उपस्थिति में प्रदर्शनी शुरु हुई। भारत सरकार के डाक-तार विभाग द्वारा अलग-अलग वर्षों में गौवंश पर केंद्रित डाक टिकटें जारी की गई। गौ संरक्षण, गौ संवर्धन और जीवन के भिन्न-भिन्न क्षेत्र में इनसे होने वाले लाभ को इंगित किया गया। इसके माध्यम से यह दिखाने का प्रयास किया गया कि मानव के लिए गौवंश क्यों जरूरी है और उसके पालन व सेवा से शारीरिक और मानसिक विकास में क्या मदद मिलती है। शेषकरण जैन ने अब तक छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित अनेक राज्यों में डाक टिकटों की प्रदर्शनी लगाई और अपनी अभिरूचि की अभिव्यक्ति के साथ गौवंश की उपयोगिता से विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को अवगत कराया है। उनका कहना है कि भारत की अर्वाचीन संस्कृति से लेकर अब तक गौवंश बड़े महत्व का विषय है। उन्होंने आह्वान किया कि डाक टिकटों को देखने के साथ लोगों की मानसिकता में गहराई से यह विषय प्रवेश करना चाहिए। आज शाम तक प्रदर्शनी अवलोकन किया जा सकता है।

## भाजपा की एकता दौड़ कल

**कोरबा।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कल दर्री नगर मंडल में दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिसमें भाजपा के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद दौड़ प्रतियोगिता शुरू की जाएगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजेश राठौर, देवेंद्र यादव, मनोज लहरे, योगेश मिश्रा, मनीष मिश्रा तैयारी में जुटे हुए हैं। दर्री मंडल के अध्यक्ष मनोज लहरे ने प्रतिमा की साफ-सफाई करते हुए रंग-रोगन कराया है।

## हरदेवा, बर्रा व सेमरहा में फसल रौंदकर हाथियों का झुंड पहुंचा जंगल

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में हाथियों का आतंक बदस्तूर जारी है। यहां के सेमरहा बीट में सक्रिय 42 हाथियों के झुंड ने बीती रात हरदेवा, बर्रा व सेमरहा गांव में 15 से अधिक ग्रामीणों के धान की फसल को रौंदने के बाद अब सेमरहा जंगल के कक्ष क्रमांक पी-215 में पहुंच गया है। बड़ी संख्या में हाथियों के दल को आज सुबह यहां पर विचरण करते हुए देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। वहीं सेमरहा व आसपास के गांवों में मुनादी करा दी गई है। ग्रामीणों से कहा गया है कि क्षेत्र के जंगल में बड़ी संख्या में हाथी विचरण



कर रहे हैं, अतः जंगल की ओर न जाएं। यदि किसी कारणवश जंगल जाना जरूरी हुआ तो वे पूरी तरह सावधानी बरतें। ज्ञात रहे हाथियों का यह दल काफी दिनों से कटघोरा वनमंडल में घूम रहा है और ग्रामीणों की खेतों में पहुंचकर वहां लगे धान की फसल को रौंदने के साथ उसे तहस-नहस भी कर दे रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों द्वारा फसल तथा जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई जा रही है तथा समस्या को लेकर आंदोलन की चेतावनी भी दी जा रही है लेकिन न तो वन विभाग इस ओर ध्यान दे रहा है और न ही जिला प्रशासन। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी और भी बढ़ती जा रही है।

## सफाई व्यवस्था को लेकर कालोनी का निरीक्षण

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व के भगत सिंह कालोनी में साफ-सफाई व्यवस्था व अन्य समस्याओं को लेकर कल अधिकारियों व यूनियन प्रतिनिधियों ने कालोनी का निरक्षण किया। अधिकारियों के साथ अब्दुल माजिद, अजय सिंह, सुशील गर्ग ने भगत सिंह कालोनी जाकर कोयला कामगारों से मुलाकात की और उनसे जानने का प्रयास किया कि यहां की साफ-सफाई व्यवस्था कैसी है। इसी तरह मानिकपुर कालोनी में भी साफ सफाई व्यवस्था को लेकर वेलफेयर कमेटी के सदस्य कालोनी का निरीक्षण करेंगे।

## जिद्दी नाग ने भयभीत किया लोगों को, रेस्क्यू करने में मुश्किलें





**कोरबा।** कुदुरमाल गांव के लोग एक विशाल नाग को देख सक्ते में आ गए। हरिशंकर पटेल ने बड़ी बहादुरी से एक किनारे बाल्टी को रख दिया जिसमें वो नाग घुस गया और कुण्डी मार कर बैठ गया। बाद में उसे सुरक्षित स्थिति में लाया गया और वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम को अवगत कराया। कुछ समय के बाद टीम के प्रमुख सदस्य जितेंद्र सारथी अपने टीम राजू बर्मन, बबलू मारवा, शुभम के साथ यहां पहुंचे। बताया गया कि 6 फिट का विशालकाय नाग जिद्दी किस्म का था। उसे निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। आखिरकार उसे बाहर निकालना संभव हो सका। बाद में उसे फारेस्ट की जानकारी में लाने के साथ सुरक्षित तरीके से जंगल में छोड़ दिया गया। जितेंद्र ने बताया कि कोरबा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग प्रजाति के सर्प और अजगर मौजूद हैं। इसके अलावा रिहायशी क्षेत्रों में भी उनकी उपस्थिति का पता चल रहा है। ये अच्छी बात है कि समय के साथ लोग इस बारे में जागरूक हुए हैं।

### सड़क सुधार के लिए छात्रों का अभियान

**कोरबा।** नगर की कई सड़कों में बने गड्ढे परेशानी का कारण बने हैं। विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। उन्होंने कलेक्टर के नाम पत्र लिखने का अभियान शुरू किया है।

## संयुक्त मोर्चा और प्रबंधन के मध्य वार्ता

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना में कई मांगों को लेकर संयुक्त मोर्चा और प्रबंधन के मध्य वार्ता हुई। इसमें आश्वासन दिया गया कि सभी मांगों को पूरा कर लिया जाएगा। इस संबंध में संयुक्त मोर्चा का कहना है कि अगर उनकी मांगें मानी नहीं जाती है तो आने वाले दिनों में आंदोलन किया जाएगा। संयुक्त मोर्चा के हिरेंद्र चंद्रा, अमिया मिश्रा, शॉजी जॉन, एनके सिंह, अशोक साहू सहित अन्य सदस्यों ने प्रबंधन को मांगपत्र सौंपा था। जिसमें उन्होंने कहा था कि खदान पहुंच मार्ग की हालत काफी जर्जर है। आए दिन दुर्घटनाएं होती है। इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मार्ग का निर्माण जरूरी है। इसी तरह इमलीछापर रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज को लेकर भी चर्चा की गई। अन्य मांगें भी लंबित है। इन सभी मांगों पर प्रबंधन ने वार्ता के लिए बुलाया था। वार्ता में चर्चा के बाद अब संयुक्त मोर्चा का कहना है कि आने वाले दिनों में उनकी मांगें पूरी नहीं होती है तो आंदोलन होगा।

### राज्योत्सव में स्थानीय कलाकारों को अवसर

**कोरबा।** जिला स्तरीय तीन दिवसीय राज्योत्सव एक नवंबर से शुरू हो रहा है। ट्रायबल के जरिए स्थानीय कलाकारों से आवेदन आमंत्रित किए गए। एक समिति इस बारे में निर्णय लेगी। उनके विश्लेषण पर स्थानीय कलाकार राज्योत्सव में अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे।

## मैदान की बदली तस्वीर, कैसे हो स्पोर्ट्स

### खिलाड़ियों ने प्रशासन से कहा- ठेकेदार को बदलने की जरूरत

**कोरबा।** डिस्टिक मिनिरल फाऊंडेशन से स्वीकृत किए गए कार्यों ने विभिन्न क्षेत्रों की तस्वीर बदल दी है लेकिन कटघोरा के मिनी स्टेडियम का हाल खराब है। बाउंड्री वॉल बनाने और भीतर के हिस्से में मिट्टी की एक परत चढ़ाने के बाद ठेकेदार ने काम बंद कर दिया। बारिश के बाद अब यहां पर खेत जैसी तस्वीर बन गई है।

कोरबा जिले के सबडिवीजन मुख्यालय कटघोरा में खिलाड़ियों को इस वजह से समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वह किसी प्रकार की स्पोर्ट्स संबंधी गतिविधियां नहीं कर पा रहे हैं। बताया गया कि पिछले वर्ष स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए स्थानिय स्तर से पहल की गई थी जिस पर प्रशासन ने स्टेडियम का विकास करने को मंजूरी दी। कटघोरा के पवन अग्रवाल को इस काम का कॉन्ट्रैक्ट प्राप्त हुआ। इस ओर से काम शुरू किए गए और बाउंड्री बाल का काम पूरा कर दिया गया। माना जा रहा



था कि शेष काम भी जल्द कराए जाएंगे ताकि खिलाड़ियों को सहूलियत हो। ठेकेदार की ओर से मौके पर खुदाई करने के साथ मिट्टी की एक लेयर चढ़ा दी गई और फिर अगले काम को रोक दिया गया। नतीजा योग की बारिश से स्थिति बदली और फिर यहां पहले कीचड़ हुआ और बाद में खेत बन गया। मौजूदा स्थिति में कई प्रकार की मुश्किलों का सामना यहां पर करना पड़ रहा है। सबसे खास बात है कि नगर पालिका परिषद इस काम का नियंत्रण कर रही है लेकिन समस्या का समाधान करने में उसकी दिलचस्पी बिल्कुल नहीं है। ना तो कांट्रेक्ट एजेंसी को कोई नोटिस दिया गया और ना ही इस जिम्मेदारी को दूसरे हाथों में देने की कोशिश की गई। याद रहे इस मामले को लेकर खिलाड़ियों ने कई अवसर पर पूर्व एसडीएम रोहित सिंह को अवगत कराया लेकिन हुआ कुछ नहीं। मामला व्यापक हितों से जुड़ा हुआ है इसलिए प्रशासन को इस दिशा में ध्यान देने की जरूरत है।

## मां भवानी गौशाला में मनाई गोपाष्टमी



**कोरबा।** गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में गौ माता की पूजा अर्चना के मां भवानी गौशाला सेवा समिति कुदुरमाल में धूम धाम से मनाया गया। गोपाष्टमी का कार्यक्रम विगत 34 वर्षों से लगातार मनाया जा रहा है जिसमें आसपास के गांव से बड़ी संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित होते है एवं भोग भंडारे से प्रसाद ग्रहण करते हैं जो कि अनवरत चलते रहता है। गौशाला के संरक्षक देवेंद्र पाण्डेय ने चर्चा में बताया कि संचालन में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल का समय समय पर मार्गदर्शन एवं सहयोग रूपी आशीर्वाद प्राप्त होते रहता है। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक देवेंद्र पाण्डेय, सुरेन्द्र पाण्डेय, सत्येंद्र नाथ दुबे, रणधीर पाण्डेय, एसके श्रीवास्तव, राजेंद्र पाण्डेय, योगेश जैन, अशोक चावलानी, ऋतु चौरसिया, बीके शुक्ला,



सुशील पाण्डेय, प्रवीण पाण्डेय, ललित पाण्डेय, शिवम पाण्डेय, अखिलेश शुक्ला, तरुण मिश्रा, अजय विश्वकर्मा, अजय गोंड एवं ब्राह्मण समाज के सदस्य महिला पुरुष एवं आसपास के गांवो से सम्मिलित होने आए ग्रामवासियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को भव्य एवं आकर्षक बना दिया।

## जैव विविधता के साथ देखा शिल्प और विरासत

### पावन स्थली में शैक्षणिक भ्रमण से बहुत कुछ सीखा छात्रों ने

**कोरबा।** शिक्षा नीति में बदलाव के अंतर्गत स्कूलों में पाठ्यक्रम की पढ़ाई के साथ-साथ प्रोजेक्ट वर्क पर भी काम हो रहा है। रानी लक्ष्मी बाई हायर सेकेंडरी स्कूल ढेलवाड़ीह के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत अमरकंटक में जैव विविधता के साथ धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहर का अवलोकन किया।

संस्थान ने कक्षा नवमी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए प्रोजेक्ट वर्क की तैयारी के सिलसिले में उन्हें अमरकंटक ले



जाने की व्यवस्था की। छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती मध्य प्रदेश के इस स्थान की महत्ता अलग-अलग कारणों से है। मध्य भारत की जीवन रेखा नर्मदा और सोन नदी नदी की उत्पत्ति यहां से होती है। इस पूरे अंचल में अधिक प्रकार की जड़ी बूटियों और वनस्पति मौजूद है जो इसे बायोडायवर्सिटी के मामले में एक नई पहचान देती है। संस्था प्रमुख अक्षय दुबे ने बताया कि अमरकंटक का धार्मिक, ऐतिहासिक और विरासत की दृष्टिकोण से भी खास महत्व है। विद्यार्थियों को अमरकंटक में वन संपदा के अलावा प्रकृति की विरासत और मानवीय सभ्यता के विकास क्रम में यहां की बदलती तस्वीर का भ्रमण कराया गया। यहां के शिल्प और निर्माण के साथ-साथ क्षेत्र की जीवन शैली के बारे में भी विद्यार्थियों ने गहराई से जानकारी ली। विद्यालय के शिक्षकों देवी इस दौरान विद्यार्थियों का बेहतर मार्गदर्शन किया। उन्हें बताया गया कि किसी भी क्षेत्र को समाज जीवन, पर्यावरण, लोकाचार और परस्पर तालमेल के मामले में जो चीज अच्छी बनती है उसमें लोगों की भूमिका बहुत ज्यादा मायने रखती है। विद्यार्थियों ने कहा की इस प्रकार के कार्यक्रम हमारी दृष्टि को एक नविता देते हैं और समझ विकसित करते हैं । जीवन के आगे की यात्रा में यह शैक्षिक घमंड उनके लिए काफी उपयोगी साबित होगा।

## हस्ताक्षर अभियान की सूची कल होगी जमा

**कोरबा।** कांग्रेस के द्वारा वोट जागरण को लेकर सभी ब्लॉकों में हस्ताक्षर अभियान चलाए जा रहे थे। हस्ताक्षर का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। 62 हजार लोगों ने फार्म में हस्ताक्षर किए हैं। जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज चौहान कल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के पास जाकर फार्म को जमा करेंगे। उन्होंने बताया कि बांकीमोंगरा में ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम मनहर, फिरोज अनंत, यशपाल कंवर, धनंजय दीवान सहित अन्य कार्यकर्ताओं को हस्ताक्षर अभियान चलाने को कहा था। जब कि दीपका में ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप सिंह, विशाल शुक्ला, सद्दाम सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कटघोरा ग्रामीण अध्यक्ष गोरेलाल यादव ने हस्ताक्षर अभियान चलाने के बाद फार्म जमा कर दिया है।

*__कोरबा।__ बिजली घरों की फ्लाईऐश जन स्वास्थ्य के लिए खतरा बनते जा रही है। आम लोगों के प्रदर्शन अब तक बेनतीजा रहे हैं।

फ्लैट बेचना है
बुधवारी बाजार घंटाघर रोड स्थित पावर हाइट सोसायटी में 3 बीएचके सेमी फर्निश्ड फ्लैट बेचना है।
संपर्क करें
8770934804







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com